* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची, 10 मार्च, 2025, सोमवार, वर्ष 10, अंक 141, फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्विदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



# भारत चैंपियन...

- न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया
- टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती
- रोहित की कप्तानी में दूसरा आइसीसी खिताब

एजेंसी

**दुबई।** टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गये मुकाबले में इंडिया ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में पूरा कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा का नौ महीने में बतौर यह दूसरा आइसीसी खिताब है। उन्होंने पिछले 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाये। रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) की अहम भूमिका रही। विजयी चौका रवींद्र जडेजा ने लगाया। इससे पहले गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने दो ओवर में लगातार दो विकेट लेकर खेल भारत के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में सात विकेट पर 251 रन बनाये थे।

भारत की जीत पर पूरे देश में खुशी का माहौल है। झारखंड में रांची समेत कई अन्य जिलों में क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आये। जम कर आतिशबाजी हुई। लोगों ने टीम इंडिया को बधाई दी। मिठाइयां भी बांटी गये।

## रोहित शर्मा बने मैन ऑफ द मैच

इस मैच में भारतीय टीम के लिए पारी की शुरुआत करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल आये। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की शतकीय साझेदारी की और जीत की नींव रखी। रोहित शर्मा ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 83 बॉल में 7 चौके और 3 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली। गिल ने 50 बॉल में 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाये। विराट कोहली 1 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गये। रोहित मैन ऑफ द मैच बने। रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने ।



ESTD.-2010

Regd. No.-206/013-014

CHILDREN'S HEAVEN PUBLIC SCHOOL

Education is for life

Based on CBSE Pattern

Co-Educational Residential Anglo Vedic School

TAW, BUNDU (NEAR TAW GROUND), RANCHI

For More Details

Visit us: www. childrenheavenpublicschool.com

Email:admission@childrenheavenpublicschool.com.

10 March Annual sports Day 2025





FREE ADMISSION

Pre. Nur to Std. IXth

छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा

Classes Pre. Nur to Std. Xth

सनातन धर्म ग्रंथों की भी शिक्षा दी जाती है।





दीपक मांझी

डायरेक्टर

BASED ON CBSE PATTERN

SALIENT FEATURE :

(1) समर्पित अनुभवी शिक्षक
(2) कम्प्युटर शिक्षण
(3) बस की सुविधा
(4) कराटे, खेल-कुद,संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट
(5) स्पोकन इंगलिश की सुविधा
(6) शैक्षणिक वातावरण
(7) इंगलिश वातावरण
(8) हॉस्टल में 3 बार स्पेशल कोचिंग
(9) फुटबॉल एवं खो-खो का स्पेशल ट्रेनिंग
(10) योगा और मेडिटेशन क्लास
(11)अनुभावी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं द्वारा पठन - पाठन



D. K. Jain

Principal

Ph. No.: 7739524026, 9608142876, 8340594739, 9123164879

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,600 रु./10 ग्राम
चांदी 102,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड की सियासत को गरमायेगा परिसीमन का मुद्दा

## ■ झामुमो ने परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर खोल दिया है मोर्चा

## ■ आदिवासियों की सीट कम होने की आशंका से उठा है विरोध का स्वर

**झारखंड की सियासी फिजाओं में परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर तैरने लगा है। झामुमो ने इसके विरोध की घोषणा कर इस मुद्दे को गरमा दिया है। अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार 2026 में देश भर में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। इस परिसीमन से झारखंड के भी राजनीतिक स्थिति में बदलाव होने वाला है। अगर 2026 में परिसीमन प्रक्रिया की शुरुआत हो जाती है, तो 2029 के चुनावों में संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ जायेगी। माना जा रहा है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में लगभग 78 सीटों का इजाफा होने की संभावना है। अब तक जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार झारखंड में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ कर 17 हो सकती है। झामुमो के विरोध का आधार यह है कि वर्तमान में 14 सीटों में से पांच आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन 17 सीटें होने पर भी आरक्षित सीटों की संख्या नहीं बढ़ेगी, यानी आदिवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो जायेगा। विधानसभा सीटों के बारे में कहा जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा की सीटें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घट कर 22 हो जायेंगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़ कर 10 हो जायेंगी। पिछली बार 2007 में देश भर में विधानसभा और लोकसभा की सीटों का परिसीमन हुआ। यह परिसीमन 2009 के लोकसभा चुनाव से देश भर में लागू हो गया। तब झारखंड में भी लागू होना था, लेकिन विरोध के कारण उसे झारखंड में लागू नहीं किया गया था। अब यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। क्या है परिसीमन का मुद्दा और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

झारखंड में परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। सत्तारूढ़ झामुमो ने 2026 में होनेवाले इस प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। देश में अंतिम बार परिसीमन 2009 के चुनावों में लागू हुआ था, लेकिन उस समय झारखंड में इसे लागू नहीं किया गया था। यह मुद्दा पिछली लोकसभा में भी उठा था, जब रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 किये जाने की मांग उठायी थी। अब एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है।

### क्या है परिसीमन

परिसीमन का मतलब होता है लोकसभा या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा तय करने की प्रक्रिया। परिसीमन के लिए आयोग गठित होता है। पहले भी 1952, 1963, 1973 और 2002 में आयोग गठित हो चुके हैं। नये संसद भवन की लोकसभा में 888 सांसदों के बैठने की जगह बनायी गयी है। इस बात ने झारखंड के साथ दक्षिण के राज्यों को चिंता में डाल रखा है। इन राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें करीब आधी हो जायेंगी। लेकिन अभी 2021 की जनगणना नहीं हुई है। सरकार परिसीमन से पहले जनगणना कराना चाहेगी। अगर जनगणना नहीं होती है, तो केंद्र सरकार 2011 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन करा सकती है। देश में 2021 में ही जनगणना होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण नहीं हो सकी। उसके बाद लोकसभा चुनाव के कारण टल गया।

### झारखंड पर क्या असर

जनगणना के बाद देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा। उसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। इसकी हलचल अभी से दिखने लगी है। झामुमो ने आरोप लगाया है कि परिसीमन के जरिये केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षित सीटों की संख्या घटा सकती है। नियमों के अनुसार प्रत्येक 15 साल पर परिसीमन करना है। पूरे देश में 2008 में परिसीमन हुआ था। उसी आधार पर 2009 का लोकसभा चुनाव हुआ, पर झारखंड में परिसीमन नहीं हुआ।

### एसटी सीटें घटने की आशंका

2008 में झारखंड के राजनीतिक दलों ने परिसीमन का इसलिए विरोध किया था, क्योंकि उन्हें डर था कि लोकसभा और विधानसभा में एसटी सीटें घट जायेंगी। परिसीमन के बाद लोकसभा की एक और विधानसभा की छह एसटी सीटें घटने की आशंका थी। जबकि विधानसभा में एससी की एक सीट बढ़कर 10 हो रही थीं। फिर वही परिदृश्य बनने की संभावना है। इसलिए झामुमो अभी से मुद्दा बनाने में जुट गया है।



### झारखंड में हो चुका है विरोध

झारखंड में परिसीमन के मुद्दे ने 15 साल पहले काफी सियासी बवाल मचाया था और राज्य में अभी सत्तारूढ़ दल झामुमो ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के कारण ही 2005 में परिसीमन आयोग की सिफारिशों को तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने झारखंड में लागू करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक राष्ट्रपति के आदेश से लगायी गयी थी और यह 2026 तक प्रभावी है। इस रोक के खिलाफ 2009 में झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गयी। सकी सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जब पूरे देश में परिसीमन आयोग की सिफारिशें लागू की गयी हैं, तो महज आपत्तियों के कारण झारखंड में इसे रोकने का औचित्य क्या है।

### झारखंड में बड़ा सियासी मुद्दा

दरअसल झारखंड में परिसीमन का मुद्दा पूरी तरह सियासी रंग पकड़ चुका है। स्थापित प्रावधानों के अनुसार हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है और इसकी सिफारिशें लागू की जाती हैं। देश में अंतिम परिसीमन आयोग 2002 में बना और इसने 2005 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी। उस समय झारखंड में लोकसभा की दो सीटें बढ़ाने और विधानसभा की कुछ सीटों को विलोपित कर उनके स्थान पर नया क्षेत्र बनाने की सिफारिश की गयी थी। इस सिफारिश का सबसे महत्वपूर्ण अंश यह था कि इसमें अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कम कर दी गयी थी। तब झामुमो और कई अन्य आदिवासी संगठनों ने इन सिफारिशों का विरोध किया था। 2005-2006 में विधानसभा सीटों को नये सिरे से चिह्नित करने को लेकर राज्य सरकार ने भी परिसीमन कमिटी का गठन किया था। इसमें सामाजिक और आर्थिक ढांचे के साथ-साथ क्षेत्र के पिछड़ेपन आदि को मानक बनाते हुए परिसीमन किया जाना था, लेकिन झामुमो और कई अन्य आदिवासी संगठनों के विरोध के कारण केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस पर रोक लगा दी थी।

### संसद में पहले भी उठा है यह मुद्दा

वर्ष 2019 में परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर गरमाया, जब राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने एक ट्वीट के माध्यम से इसे उठाया। उनका तर्क था कि परिसीमन पर फैसला लिया जाना चाहिए। झारखंड में लंबे अरसे से विधानसभा की सीटें बढ़ाने की मांग हो रही है। परिसीमन न होने की वजह से मामला रुका हुआ है। इससे पहले 2017 में कोडरमा के तत्कालीन भाजपा सांसद डॉ रविंद्र राय ने 16वीं लोकसभा में यह मामला उठाया था। उन्होंने तर्क दिया था कि भारत के संविधान में जन प्रतिनिधित्व के अधिकार के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। विशेषकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को राज्यों में उनकी जनसंख्या के अनुरूप जन प्रतिनिधित्व का अधिकार प्राप्त है। झारखंड में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 11 से 12 फीसदी है, लेकिन उनके लिए निर्धारित सीटों की संख्या झारखंड बनने के पूर्व में किये गये निर्धारण के अनुसार 10 फीसदी से भी कम है। इससे अनुसूचित जाति का हक और अधिकार छीना गया है। उन्होंने यह भी कहा था कि कांग्रेस ने पूर्व में झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के परिसीमन कार्य को संसद में प्रस्ताव लाकर रोक दिया था। इसलिए केंद्र सरकार संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप अनुसूचित जाति को लोकसभा और विधानसभा में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाये। इसके लिए झारखंड में भी परिसीमन लागू करे। उन्होंने दलील दी कि झारखंड में लोकसभा का क्षेत्र सामान्य रूप से तीन से चार जिलों में बिखरा है। विधानसभा क्षेत्र भी दो से तीन जिलों में पड़ते हैं। इस प्रकार के बेतरतीब एवं अव्यावहारिक क्षेत्र में सांसदों और विधायकों को सही तरीके से विकास का काम करने में परेशानी होती है। जनता तक ठीक ढंग से बात नहीं पहुंच पाती है, जिससे वे सरकारी योजनाओं के लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं।

अब झामुमो ने परिसीमन के विरोध की घोषणा की है, तो सियासी हलचल स्वाभाविक है। यह हकीकत है कि झारखंड में आबादी के हिसाब से लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या कम है। यहां की सवा तीन करोड़ की आबादी के लिए 14 सांसद और 81 विधायक हैं। इसका मतलब यह है कि एक सांसद पर 20 लाख से अधिक और एक विधायक पर चार लाख से अधिक लोगों का ध्यान रखने की जिम्मेवारी है। इसके अलावा विधानसभा सीटों की कम संख्या के कारण झारखंड में एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलना लगभग असंभव है, जिसका सीधा असर राजनीतिक स्थिरता पर पड़ा है। लेकिन अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या में कटौती से इसका समाधान नहीं हो सकता है। इसके लिए बीच का रास्ता निकालना ही होगा।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि झारखंड में परिसीमन के मुद्दे पर सियासत क्या करवट लेती है और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इस पर क्या रुख अख्तियार करती है। विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाये जाने से किसी को शायद ही इनकार हो, लेकिन इसके पीछे की सियासत को पहचान कर सभी पेंच सुलझाना आसान नहीं है।

# लातेहार में ईंट-भट्ठा में काम करने वाले मजदूर की बकरी चोरी के आरोप में पीट-पीट कर हत्या

**एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस**

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र में एक ईंट-भट्ठा में काम करने वाले मजदूर का शव पुलिस ने बरामद किया है। आरोप है कि कुछ गांव वालों ने बकरी चोरी करने के आरोप में इतना पीटा कि उसकी मौत हो गयी। घटना सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव की है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक मजदूर की पहचान मध्य प्रदेश के दतिया निवासी सलीम खान (40) के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार की रात तकरीबन 11 बजे की है। सलीम लातेहार के गोवा गांव के गोविंद प्रसाद साहू के ईंट-भट्ठे में काम करता था और वह तीन महीने पहले गांव से सपरिवार लातेहार के गोवा गांव आया था। आरोप है कि सलीम खान गोवा गांव के देवकी सिंह, विनोद सिंह, अमरेश सिंह समेत अन्य लोगों के घरों में घुस कर बकरी चोरी करने का प्रयास कर रहा था। लेकिन घर वाले जाग गये और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनने के बाद ग्रामीण वहां जमा हो गये और उसे पकड़ कर उसकी पिटायी शुरू कर दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी। वहीं मृतक सलीम के छोटे भाई जमील खान की मानें तो वह गोवा गांव में शराब पीने गया हुआ था और वहां के लोगों ने उस पर झूठा आरोप लगाकर पीट कर उसकी जान ले ली। बाद में लोगों ने इसकी जानकारी ईंट-भट्ठा मालिक को दी। उन्होंने इसकी सूचना सूचना पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े को दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े पुलिस बल के साथ गांव पहुंची। जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है।

# सर्च अभियान में तीन किलो का आइइडी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये सर्च अभियान के दौरान रविवार को एक तीन किलो का आइइडी बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मंसूबे को एक बार फिर से विफल किया है। टोंटो थानांतर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में टोंटो थानांतर्गत वनग्राम जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये एक आइइडी बम बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज कर दिया। एसपी ने बताया कि इलाके में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी है।



एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसे लेकर चाइबासा पुलिस, कोबरा 203, 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134, 174, 193, 197 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

# साहेबगंज और गोड्डा कॉलेज की बीएड की मान्यता रद्द

**दुमका और पाकुड़ में भी अंतिम शो-कॉज नोटिस जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहेबगंज।** साहेबगंज राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीइ) की पूर्वी क्षेत्रीय समिति ने साहेबगंज कॉलेज और गोड्डा कॉलेज की बीएड मान्यता रद्द कर दी है। इसके अलावा, संथाल परगना कॉलेज (दुमका) और केकेएम कॉलेज (पाकुड़) को अंतिम शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है।



एनसीटीइ की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों कॉलेजों में कई अनियमितताएं पायी गयी हैं। साहेबगंज कॉलेज में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुईं। फायर सेफ्टी और बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं जमा किया गया। जमीन से संबंधित दस्तावेज और सैलरी स्टेटमेंट भी नहीं सौंपा गया। वहीं गोड्डा कॉलेज में एनसीटीइ के नियमों की अनदेखी करते हुए शिक्षकों की भर्ती की गयी। फायर और बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट समेत अन्य दस्तावेज जमा नहीं हुए।

**शो-कॉज नोटिस भी जारी**

एनसीटीइ ने संथाल परगना कॉलेज (दुमका) और केकेएम कॉलेज (पाकुड़) को भी अंतिम चेतावनी दी है। इन कॉलेजों ने सुरक्षा प्रमाणपत्र और फैकल्टी से जुड़े जरूरी दस्तावेज सही तरीके से जमा नहीं किये। अगर जल्द सुधार नहीं किया गया तो इनकी भी मान्यता रद्द हो सकती है। मान्यता रद्द होने से बीएड की पढ़ाई कर रहे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। अब कॉलेजों को तय समय सीमा में दस्तावेज जमा करने होंगे, वरना उन्हें भी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआइटी ओपी पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अमरेश कुमार सिंह और गौतम कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।



थाना प्रभारी संजीव कुमार ने रविवार को बताया कि वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि नारायण टेंट हाउस के पीछे, ग्राम केदल स्थित एक मकान में कुछ लोग हथियार और गोली के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मकान को चारों ओर से घेरकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

www.epaper.azadsipahi.in

10 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 141

पान मसाले के प्रचार को लेकर शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया



## तेलंगाना टनल हादसा में 16वें दिन एक शव मिला



**नागरकुर्नूल (आजाद सिपाही)।** तेलंगाना टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। शव मशीन में फंसी हुआ था। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। रेस्क्यू अधिकारी ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां पर जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मजदूरों की तलाश में 525 कर्मी लग हुए हैं। बताते चलें कि नागरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था। इस वजह से अंदर काम कर रहे आठ मजदूर फंस गये थे। इसमें चार झारखंड के भी हैं। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हुई है।

# एनटीपीसी डीजीएम की हत्या के बाद कोयला क्षेत्र में दहशत, डिस्पैच बंद

## हजारीबाग एनटीपीसी, कोल साइडिंग में पसरा है सन्नाटा

- एएसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन, छह हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी में कार्यरत डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव की शनिवार को हत्या के बाद से इलाके में दहशत है। केरेडारी, चट्टी बरियातू, पकरी बरवाडीह सहित डिस्पैच ट्रांसपोर्टेशन का कार्य 24 घंटे से बंद है। हजारीबाग से प्रत्येक दिन 15 रैक कोयला डिस्पैच किया जाता है। घटना के बाद एक भी अधिकारी माइंस क्षेत्र में नहीं दिखे। एनटीपीसी ऑफिस सहित माइंस क्षेत्र एरिया में सन्नाटा पसरा रहा। हत्याकांड के सिलसिले में जांच के दौरान पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बताते चलें कि एनटीपीसी के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव की शनिवार को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के सिलसिले में एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक रोहित पाल की शिकायत पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सरकार ने हत्याकांड की जांच के लिए एसआइटी के गठन का आदेश दिया था। हजारीबाग एएसपी अमति कुमार के नेतृत्व में मामले के उद्भेदन के लिए एसआइटी का गठन किया गया है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ अब तक कुछ खास ठोस सबूत नहीं लगे हैं।



**कोयला डिस्पैच बंद**

बता दें कि हजारीबाग से लगभग प्रत्येक दिन 15 रैक कोयले का ट्रांसपोर्टेशन होता है, जो देश के विभिन्न ऊर्जा संयंत्रों तक पहुंचता है, लेकिन अब ये डिस्पैच बंद है। कोल साइडिंग बंद होने के बाद कोयला का उठाव और परिवहन पूरी तरह से बंद है। घटना के बाद एक भी अधिकारी माइंस क्षेत्र में नहीं दिखे।

### मुख्य सचिव से मिले एनटीपीसी के दो अधिकारी

इस बीच घटना के बाद दिल्ली से आये एनटीपीसी के दो वरीय अधिकारियों निदेशक (फ्यूल) शिवम श्रीवास्तव और निदेशक (एचआर) एके जदली ने रविवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के मुलाकात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस दौरान हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कोयला अधिकारियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

### किसी से धमकी मिलने की सूचना नहीं

कुमार गौरव हत्याकांड मामले में कटकमदाग थाना में दो अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के उपरांत मृतक के परिजनों, एनटीपीसी के पदाधिकारी तथा कर्मियों के द्वारा कुमार गौरव की किसी भी व्यक्ति से पूर्व में कोई विवाद नहीं होने और किसी भी प्रकार की धमकी मिलने की बात की पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल से संबंधित सभी संभावित मार्ग पर लगे सीसीटीवी का फुटेज प्राप्त कर अपराधियों के आने और जाने से संबंधित जानकारी हासिल की गयी है। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी साक्ष्य प्राप्त कर संभावित स्थलों पर छापामारी की जा रही है। इस घटना से संबंधित संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

## महाकुंभ के प्रवेश द्वार पर गुफा बनाकर रह रहा था आतंकी



**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** महाकुंभ पर आतंकी हमले की साजिश थी। पहले अमृत स्नान (14 फरवरी) से एक दिन पहले बब्बर खालसा का आतंकी लाजर मसीह महाकुंभ के प्रवेश द्वार से सिर्फ एक किलोमीटर दूर था। वह एक मिट्टी के टीले में गुफा बनाकर रह रहा था। यहीं से उसने महाकुंभ में ब्लास्ट करने की योजना बनायी थी। ढाबे पर जाकर खाना खाते समय मोबाइल चार्ज करता था। रोज अपने साथ हैंडग्रेनेड लेकर निकलता था, लेकिन महाकुंभ प्रवेश द्वार पर हाइ सिक्योरिटी होने की वजह से सफल नहीं हो सका। यह बात खुद बब्बर खालसा के आतंकी लाजर मसीह ने मानी है। उसे पुलिस ने 6 मार्च को कौशांबी के कोखराज से पकड़ा था। उससे पूछताछ में कई अहम बातें सामने आयी हैं। लाजर मसीह अमृतसर के कुरलियान गांव का रहने वाला है। लाजर मसीह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के संपर्क में भी था।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू का खुलासा, कहा

# भाजपा के लिए काम करते हैं कई कांग्रेसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने एक सनसनीखेज बयान दिया है। दुमका परिसदन में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमें यह फीडबैक मिला है कि काफी संख्या में ऐसे कांग्रेसी हैं, जो भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता स्तर के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मैं पूरे झारखंड का दौरा कर रहा हूं। इस दौरान कांग्रेसियों के भाजपा में घुसपैठ की शिकायत हर जगह मिल रही है। इसे गंभीरता से लिया जा रहा है और इसकी जांच होगी।

के राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी कांग्रेस मुक्त भारत की बात कहती है तो वह कांग्रेस को कमजोर करने के लिए हर हथकंडा अपनायेगी। हमें सतर्क रहना है। इस मौके पर उनके साथ झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, विधायक प्रदीप यादव भी मौजूद थे। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए पार्टी महिलाओं और युवाओं को बढ़ावा देने की योजना बनायी है। इसके साथ ही दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक सभी लोगों को हम साथ लेकर चलेंगे। बोर्ड निगम के पद रिक्त हैं, उसे लेकर भी हमारा मंथन जारी है। कौन कहां फिट होंगे, इस पर विचार किया जा रहा है।

उधर, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी मौजूद रहीं। हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसी घटना चिंता का विषय है। घटना के उद्भेदन के प्रति सरकार गंभीर हैं।

### सीधे जनता से जुड़ें सभी कांग्रेसी : के राजू

के राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हम दौरा कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं यह निर्देश दे रहे हैं कि आप जनता से जुड़िए। क्योंकि हमारा उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। हमारे कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। क्षेत्र के विधायकों तक उन बातों को पहुंचाया जायेगा। फिर विधायक मुद्दों को सदन में उठाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। अगर कोई ऐसी बात है जिस पर हमारे गठबंधन की सरकार का ध्यान नहीं है, लेकिन वह जनता से जुड़ा है तो भी हमारा यह कर्तव्य है कि सरकार के संज्ञान में ऐसी बातों को लायें।

# जेल में बंद आइएएस अधिकारी छविरंजन के विरुद्ध इडी ने मांगी अभियोजन की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेल में बंद झारखंड कैडर के आइएएस अधिकारी छवि रंजन के विरुद्ध इडी ने राज्य सरकार से अभियोजन स्वीकृति की मांग की है। इडी के पत्र के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अभियोजन स्वीकृति की मांग करने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि अगले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा छवि रंजन के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति दे दी जायेगी। मालूम हो कि रांची के डीसी रहे 2011 बैच के आइएएस अधिकारी छवि रंजन को इडी ने बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन के अवैध खरीद-बिक्री के मामले में चार मई 2023 को गिरफ्तार किया था। उस समय से वह जेल में बंद हैं। पिछले दिनों हाइकोर्ट में उनके मामले की सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने 19 मार्च को अगली सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। मालूम हो कि छवि रंजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले ही जमानत की याचिका को खारिज कर चुका है।

**जयशंकर तिवारी के विरुद्ध केंद्र ने फिर मांगी अभियोजन की स्वीकृति :** राज्य के पूर्व खान एवं भूतत्व सचिव जयशंकर तिवारी के विरुद्ध भी केंद्र सरकार ने फिर से अभियोजन स्वीकृति की मांग की है। केंद्र सरकार ने अभियोजन स्वीकृति देने के मामले में राज्य सरकार द्वारा की जा रही टालमटोल को गंभीरता से भी लिया है। क्योंकि केंद्र सरकार 2020-21 से ही लगातार राज्य सरकार से जयशंकर तिवारी के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति की मांग कर रहा है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार को अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। मालूम हो कि जयशंकर तिवारी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में खान व भू-तत्व सचिव बनाये गये थे। वह भी रांची डीसी रहे थे। खान और भू-तत्व सचिव रहते जयशंकर तिवारी पर कोल ब्लॉक आवंटन में गड़बड़ी का आरोप है।

# रांची में अफीम तस्करी का भंडाफोड़ हथियार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने अफीम तस्करी और अवैध हथियार रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खूंटी निवासी मोहन लोहरा, कुंवर मुंडा और बिरसा मुंडा के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके पास से 550 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्टल, आठ एमएम की तीन जिंदा गोलियां और तीन मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

सिटी एसपी केवी रमन ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के पास पानी की टंकी के समीप संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन युवकों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से अफीम और अवैध हथियार बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने खूंटी से चतरा तक अफीम की तस्करी करने की बात कबूल की है। डीएसपी ने बताया कि सूचना के बाद छापेमारी टीम का गठन किया गया था, जिसमें लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, दिवाकर कुमार, भीम सिंह, नवीन कुमार, गौतम कुमार, सलीम अंसारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अब अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मांडर के आर्मी जवान का बेंगलुरु में निधन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

- नम आंखों से गांव वालों ने दी विदाई, आर्मी के जवानों ने दी सलामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का आकस्मिक निधन ट्रेनिंग के दौरान बेंगलुरु में हो गया। शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे। वर्तमान में वो ट्रेनिंग सेंटर बेंगलुरु में कोर्स करने के लिए गये हुए थे। 7 मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया। निधन की खबर मिलने के बाद से गांव में हर तरफ शोक व्याप्त था। रविवार को शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। हर किसी की आंखें नम थीं। शहीद छोटन उरांव की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। शहीद छोटन उरांव अभी कुछ माह पहले ही पिता बने थे। शहीद छोटन उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंचे थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शहीद परिवार का ढांढस बंधाया। इस मौके पर आर्मी के जवानों के द्वारा शहीद छोटन उरांव को अंतिम सलामी दी गयी।

# विदेश में बैठकर झारखंड में गिरोह चला रहे अपराधी : प्रतुल शाह देव

- जेलों में अभी तक 2जी जैमर लगे होने के कारण अपराधी जेल से साम्राज्य चला रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने विधि व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसें। कहा कि हाल के दिनों में झारखंड के 6-7 जिले जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है, वहां आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जीएम की हत्या कर दी गयी थी। अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। इसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं।

प्रतुल ने कहा कि आज के दिनों में संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गया है। संगठित आपराधिक गिरोह झारखंड में लगातार पैर फैला रहे हैं। अब यह नक्सलवाद की तरह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। आलम ये है कि कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिए चेतावनी भी देते हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जायेगी। झारखंड पुलिस की वेबसाइट के अनुसार अबुआ सरकार के पहले महीने में ही 5207 संज्ञेय अपराध हुए जो चिंता का विषय हैं।

# पलाश से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा : कंचन सिंह

- पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल का रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ, खूंटी, लोहरदगा में हुआ शुभारंभ
- रांची के प्रमुख स्थानों पर 9 से 13 मार्च तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल लगाये गये
- पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाएं स्वयं हर्बल गुलाल की पैकेजिंग और मार्केटिंग कर रही हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गये हैं और पिछले वर्ष की तरह ही झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है। हर्बल गुलाल के विपणन को बढ़ावा देने और आम जनों में इको-फ्रेंडली होली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान की शुरूआत की गयी है।

मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किये गये पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन आरंभ किया गया।

**हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पूरी तरह है सुरक्षित :** जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन दिनांक 9 से 13 मार्च तक किया जायेगा। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं हैं, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। इसे बनाने के लिए समूह की दीदियां फूल, फल और पत्तियों का इस्तेमाल कर रही हैं। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। इस वर्ष जेएसएलपीएस द्वारा 9 मार्च से 13 मार्च तक सभी जिलों के प्रमुख केंद्रों में स्टॉल लगाये गये हैं, जहां पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ पलाश रागी लड्डू, हैंडमेड चॉकलेट, कुकीज आदि उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

इस अभियान के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में पलाश हर्बल गुलाल के स्टॉल राज्य सरकार के प्रमुख कार्यालयों–एफएफपी भवन, सचिवालय (धुर्वा), झारखंड उच्च न्यायालय परिसर–प्रमुख व्यावसायिक स्थलों–रांची मॉल, न्यूक्लियस मॉल, स्प्रिंग सिटी मॉल (हिनू), डोरंडा बाजार, अटल वेंडर मार्केट, पैंटालूंस (लालपुर के समीप), रिलायंस मॉल (कांके रोड), मोरहाबादी मैदान एवं एजी मोड़ आदि जगहों पर संचालित किये जायेंगे। पलाश हर्बल गुलाल के साथ ही स्टॉल पर महिलाएं हैंडमेड चॉकलेट, रागी लड्डू, नमकीन जैसे शुद्ध उत्पादों की भी बिक्री कर रही हैं।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** संगठन का पुनर्गठन को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक हजारीबाग के प्रिंस होटल में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश और प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बेचन साहू और संचालन अरविंद कुमार ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। इसके बाद जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें कैलाश साहू, बेचन साहू, दिनेश साहू, जीतन साहू, अशोक साहू, अरविंद साहू, प्रयाग साहू, नंदू साहू, अर्जुन साहू, चंद्रिका साहू, महेश साहू, बैजनाथ साहू, लोकनाथ साव, सुखदेव साव, संजय साव, रंजीत कुमार, टिपन साव, तापेश्वर साव, तारकेश्वर कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोपाल साव को बनाया गया। वहीं युवा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार साव को बनाया गया।

## होलिका किट का किया गया वितरण



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा और श्री गौशाला समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय श्री अग्रेसन भवन में होलिका दहन में इस्तेमाल होने वाले बड़कुल्ले 10 हजार पीस और 70 सेट होलिका कीट का वितरण किया गया। होलिका कीट में एक होलिका, एक नारियल, पांच ढाल, एक पान पत्ता, एक-एक चांद, सूरज, पांच सुपारी, एक जीभ उपलब्ध कराये गये। बड़कुल्ले और सामग्री 13 मार्च को होलिका दहन में लगेगी। प्रेरणा शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा, सचिव शीतल पोद्दार, परियोजना निदेशक मीना हिसारिया, रिचा भोजानवाला, और ज्योति अग्रवाल ने बताया कि होलिका दहन में गाय के गोबर से निर्मित बड़कुल्ले की बिक्री की गयी है। श्री कोडरमा गौशाला परिसर में इसे वहां की महिला कर्मचारियों ने बनाया है और इससे जो राशि प्राप्त हुई, उसे गौशाला में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए पहले से ही बुकिंग की गयी थी। राजस्थानी समाज के लोग होलिका दहन में उक्त सामाग्रियों को प्रयोग में लायेंगे। खासकर गत होली से इस माह तक जिस भी कन्याओं का विवाह हुआ है, वे ससुराल से 12-13 मार्च तक मायका पहुंच जायेगी और होलिका दहन में परिक्रमा करने के बाद 16 दिनी गणगौर पूजा में शामिल होगी। मालूम हो कि नवविवाहिताएं अमर सुहाग के लिए गणगौर का पर्व करती है। जबकि कुंवारी कन्याएं अच्छे वर पाने गणगौर पूजा करती है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, श्वेता गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, रजनी अग्रवाल, नेहा जैन रश्मि गुडगुटिया, सुमन सर्राफ सुबिता अग्रवाल सहित शाखा के सदस्य मौजूद थे।

## क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष बने अभिषेक सिंह



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार को उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ अंतर्गत कोडरमा प्रक्षेत्र की एक बैठक क्षत्रिय भवन कोडरमा में हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा प्रक्षेत्र के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बम्बल ने किया। बैठक में महासंघ से नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में दिनेश कुमार सिंह (सचिव) पथलडीहा और राज नारायण सिंह (प्रमुख जयनगर) उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बम्बल का चयन किया गया जिसका प्रस्ताव महेश कुमार सिंह ने किया। सचिव पद के लिए सर्वसम्मति से विनोद सिंह चयन किया गया जिसका प्रस्ताव प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के महासचिव राम लखन सिंह ने दोनों पदाधिकारी को बधाई दी। साथ ही कहा कि इनके नेतृत्व में प्रक्षेत्र में उत्पन्न सामाजिक समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ प्रक्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। मौके पर वीरेंद्र कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, दयानंद सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह उर्फ राजू भैया, आनंद सिंह, राकेश सिंह, पंकज सिंह, दुष्यंत सिंह, राजा बाबू, परमानंद सिंह, सुभाष सिंह, बीरबल सिंह, दीप नारायण सिंह, वीकू सिंह, रमेश सिंह उपस्थित हुए।

## चोरी का टोटो बरामद, चार गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत ग्राम झुमरीतिलैया पार्वती क्लिनिक और ग्राम गुमो से अज्ञात चोरो के द्वारा रात्रि में टोटो वाहन की चोरी की गयी थी। दोनों घटनाओं में वादी के द्वारा दिये आवेदन के आधार पर क्रमशः तिलैया थाना कांड संख्या 77/25 और 79/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। चोरी गये टोटो की बरामदगी, अज्ञात अपराधकर्मी की गिरफ्तारी और कांड उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा छापामारी कर हजारीबाग से चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया और इनके निशानदेही पर चोरी गये दोनों टोटो में से एक टोटो हजारीबाग और एक टोटो रांची से बरामद किया गया है। इस संबंध में तिलैया थाना के द्वारा विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## भू-मापक की परीक्षा संपन्न

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सर्व शिक्षण सेवा संस्थान द्वारा संचालित भू-मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम कोडरमा जिला के पंचायत सचिवालय पांडेडीह में 60 दिवसीय अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। परीक्षा राधा कृष्ण मिशन स्कूल पांडेयडीह कोडरमा में विषय किस्तवार, खानापुरी, चकबंदी, गणित, सामान्य ज्ञान और फील्ड बुक से नक्शा की लिखित परीक्षा ली गयी। जानकारी अमीन प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र शर्मा ने दी। यह प्रशिक्षण अब्दुल राउफ मुखिया प्रतिनिधि के देख रेख में संपन्न हुई। प्रशिक्षण में संदीप कुमार राणा, मंटू कुमार, अशोक यादव, सूरज यादव, राजेंद्र यादव, शुभम कुमार, अजय कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार सिंह, रामेश्वर पंडित इत्यादि ने भाग लिया।

## फ्रॉड कर महिला के खाते से 11 हजार की निकासी

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम दिगवार की महिला सावित्री देवी पति खागेंद्र साव के खाते से फोन पे के माध्यम से साइबर ने दो बार में 507रु व 10 हजार पांच 3रु की धोखाधड़ी कर निकासी की गयी। क्या है मामला दिगवार की महिलाओं के मोबाइल पर मोबाइल नंबर 9135048015 और 9771266624 से त्यागी लिंक डिपार्टमेंट के नाम से फोन कर प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के नाम से फोन कर बीएलओ, एएनएम, सहिया दीदी और आंगनबाड़ी सेविका की नाम लेकर फोन करता था, और ओटीपी, बैंक डीटेल आदि मांगता है। बीएलओ, एएनएम, सहिया दीदी व आंगनबाड़ी सेविका का सही-सही बताया जाता है इसलिए कुछ महिलाएं झांसे में आ कर ओटीपी आदि दे देती। यदि कोई महिला ओटीपी आदि नहीं देती है तो गाली-गलौज करने लगता है, जिसे लेकर दिगवार की आंगनबाड़ी सेविका सुनिता रानी ने लिखित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह को दी है।

# डीजीएम कुमार गौरव का हुआ अंतिम संस्कार, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक कुमार गौरव का अंतिम संस्कार फतुहा नालंदा नगर सराय गांव में कर दिया गया। लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। कार्यपालक अभियंता संघ के अध्यक्ष कमला राम रजक ने प्रे स विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनटीपीसी कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग और अन्य तापविद्युत परियोजना के अधिकारी गण ने भारत सरकार के कोयला मंत्रालय, विधुत मत्रालय ने केंद्र सरकार, झारखंड सरकार से उच्च स्तरीय जांच, सीबीआइ से जांच कराने की मांग करती है, और हत्यारा को अतिशीघ्र गिरफ्तार करें और फांसी कि सजा दिलाये। हमारे पदाधिकारी रात दिन खून पसीना बहाकर कोयला खनन कर देश के विभिन्न विधुत परियोजना में भेजते हैं। ताकि विधुत उत्पादन कर देश को रोशनी दे सके। गिरफ्तार नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। शहीद कुमार गौरव पत्नी को भारत सरकार के अधीनस्थ एनटीपीसी में सरकारी नौकरी को सुनिश्चित करें।

### जिले में कोल परियोजना लगते ही बढ़े अपराध, कई की हुई है हत्या

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग बड़कागांव कोयला उत्खनन के बाद से ही अपराध की राजधानी बनकर उभरा है। कोयला उत्खनन के कारण यह अपराधियों का अड्डा बनकर उभर गया। नक्सली भी इस क्षेत्र में जमकर तांडव मचाया। जब नक्सली समस्या का समाधान हुआ तो कई स्प्लिंटर ग्रुप इस क्षेत्र में सक्रिय हो गये। अमन साहू, टीपीसी, जेपीसी नाम के कई आपराधिक संगठन लेवी वसुल कर भयादोहन किया। आये दिन घटना के कारण क्षेत्र लाल होती रही है। एनटीपीसी के आने के बाद उसके सहयोगी आउटसोर्सिंग कंपनी के दफ्तर और कर्मियों पर हमला कोई नयी बात नहीं है। अब तक की बात की जाये तो एनटीपीसी और उसके सहयोगी कंपनी के चार पदाधिकारी की हत्या हो चुकी है। हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत फतहा चौक पर हुए एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्याकांड का तार कोयला व्यवसाय से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। यह आशंका जतायी जा रही है कि जिस गिरोह ने रांची में विपिन मिश्रा पर गोली चलाई है कहीं वही गिरोह ने हजारीबाग में कुमार गौरव को तो निशान नहीं बनाया। शनिवार को बोकारो प्रक्षेत्र के आइजी एस माइकल राज ने भी कहा था कि इस बिंदु पर जांच की जा रही है। जिला के केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड में महारत्न कंपनी एनटीपीसी का तीन कोल परियोजना संचालित हैं। 5 दिसंबर 2019 को बड़कागांव के एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना त्रिवेणी सैनिक के जीएम गोपाल सिंह की हत्या में हजारीबाग शहर में कर दिया गया। घटना एनटीपीसी के गेस्ट हाउस से 100 मीटर आगे जुलू पार्क में हुआ। एनटीपीसी चट्टी बारियातू कोल परियोजना के एमडीओ रित्विक कंपनी के कॉर्डिनेटर शरद कुमार की हत्या 9 मई 2023 को अपराधियों ने बड़कागांव के बरवाडीह में गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। इस घटना में वाहन चला रहे चालक बाल बाल बचा था। घटना का अंजाम दो मोटर साइकिल सवार 4 अपराधियों ने दी थी। 8 मार्च 2025 को कुमार गौरव का हत्या अपराधियों ने ड्यूटी जाने के दौरान रास्ते में ही गोली मार कर दिया। 24 घंटे बीत जाने के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह से जब टेलीफोन से बात हुई तो उन्होंने बताया कि इस घटना का उद्भेदन बहुत जल्द हो जायेगा। अपराधी बच नहीं पायेंगे जल्द गिरफ्त में होंगे।

## एनटीपीसी पदाधिकारी की हत्या पर जदयू नेताओं ने जताया दुख



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी के डिस्पैच डीजीएम कुमार गौरव की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना पर जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के पदाधिकारियों ने तीव्र निंदा की है। कहा कि इस तरह की अपराधिक घटना हजारीबाग में लगातार बढ़ रही है। यहां की जनता को चिंता में डाल दिया है वही आम जनता में भय व्याप्त है। घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने एक स्वर में जिला प्रशासन से इन घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाने और अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। कहा कि शहर में लगातार चोरी, हत्या जैसे घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। अपराधी निडर और बेलगाम हो गये हैं। लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस पदाधिकारी तत्काल ऐसे घटनाओं पर रोक लगाये।

# सदर विधायक ने अस्पताल को दी एंबुलेंस

**हर जरूरतमंद तक सुविधाएं पहुंचाना मेरा संकल्प है : प्रदीप प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रविवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थित संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क के पास आयोजित समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर दो एंबुलेंस को जनता की सेवा में समर्पित किया। पूजा अर्चना भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य और उपस्थित महिलाओं के द्वारा किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमारा सपना है कि हजारीबाग क्षेत्र में एक अत्याधुनिक और भव्य अस्पताल का निर्माण हो, जहां आम जनता को छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज सस्ते दरों पर उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर विवेकानंद सिंह, हरीश श्रीवास्तव, साक्षी राणा, राजकरण पांडे, दिनेश सिंह राठौड़, अरुण राणा, प्रकाश कुशवाहा, विवेक बरियार, वीरेंद्र कुमार वीरू, प्रेम चंद प्रसाद, राजकुमार यादव, जीवन मेहता, मनीष ठाकुर, मुखिया नारायण साव आदि उपस्थित थे।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर निकलेगी निशान यात्रा

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट पोद्दार निवास में श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर शहर में तोरण द्वार लगाया गया है। मंदिर समिति के आयुष पोद्दार ने बताया कि 10 मार्च को निशान शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर से प्रारंभ होगी। नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न होगी। इसी रात एकादशी कीर्तन भी होगा। जिसमें स्थानीय व बाहर के गायक मसलन कोलकता प्रेम सोनी, मधुपुर के कुणाल बाठवाल, ओडिशा के कैलाश पोद्दार, बाबा बैजनाथ धाम की जया किशोरी, झुमरी तिलैया के रवि दाहिमा और राकेश राजपूत अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

## विधायक ने किया लर्निंग विद्यालय का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो में लर्निंग विद्यालय का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित यादव, प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया स्वास्तिका कुमारी, पंसस शोभा देवी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, पुर्व मुखिया रामप्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का विद्यालय निर्देशक पंकज प्रजापति और सभी शिक्षकों बुके और शोल देकर सम्मानित किया। विधायक अमित यादव ने कहा कि ग्रामिण इलाका भी अब शहर से कम नहीं है। बच्चों को यह विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा दिया जायेगा। बच्चों के प्रति अभिभावक भी उनके क्रियाकलाप पर ध्यान दें। वही प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय बहुत है लेकिन लर्निंग विद्यालय नही था अब यहा. बच्चों को यहां बेहतर शिक्षा मिलेगा। विद्यालय निर्देशक पंकज प्रजापति ने कहा कि पहले छोटे कमरों में पढाया जाता था अब बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का काम करेंगे। मेरे द्वारा पढाये गये बच्चे अभी नावोदय विद्यालय में पढ़ रहे है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षिका रंजनी राज और आकाश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कुमार, आशा कुमारी, रीना कुमारी ने अहम भुमिका निभायी। मौके पर प्रकाश रवि, कृष्णा प्रसाद, बैजनाथ प्रजापति, प्रमेश्वर प्रजापति, सुरेश प्रसाद, शंभु प्रसाद, संतोष कुमार, दिलीप कुमार, रवि कुमार, शैलेश सिंह, कृष्णा साव, मुकेश कुमार, छोटन शर्मा, किशोरी ठाकुर, शानू पंडा, सुबोध पंडा समेत अन्य उपस्थित था।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चेडरा पंचायत अंतर्गत तैलिक धर्मशाला में रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बेहरा आश्रम चौपारण द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर मुखिया निर्मल कुमार के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार सिंह द्वारा 60 नेत्र मरीजों को मशीन द्वारा नेत्र से संबंधित सभी प्रकार का जांच निःशुल्क कर मरीजों के बीच दवा का वितरण किया गया। इस बाबत नेत्र चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बेहरा आश्रम चौपारण द्वारा हर गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर नेत्र रोगियों का जांच किया जाता है साथ ही निशुल्क दवा, चश्मा, मोतियाबिंद रोगियों को बेहरा आश्रम चौपारण नेत्र अस्पताल में ऑपरेशन के लिए आने-जाने और खाना साथ ही रहने का निशुल्क सेवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि रविवार के शिविर में 08 आंख के मरीजों को बहेरा आश्रम चौपारण में निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर चश्मा दिया जायेगा। आयोजित शिविर में वीरेंद्र नीमा, रेखा कुमारी, सुलेखा कुमारी, अभिषेक कुमार आदि शामिल थे।

# राज्य सरकार भूमि बैंक को रद्द करे: भुवनेश्वर प्रसाद

आजाद सिपाही संवाद सूत्र

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग के नवाबगंज स्थित आकाशदीप होटल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । सेमिनार में 24 मार्च को झारखंड के विस्थापितों के पुनर्वास नियोजन और मुआवजा के सवालों और झारखंड आंदोलनकारियों के रोजी रोजगार नियोजन, अलग पहचान, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए और सम्मान राशि 50-50 हजार रु. देने की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 24 मार्च के कार्यक्रम के लिए अगुआ चुना गया। उन्होंने कहा कि धरतीपुत्रो, किसानों, दलितों, गरीबों, आदिवासियों को उजाड़ कर विकास की अवधारणाओं को फलीभूत नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकार भूमि बैंक को रद्द करें और झारखंड राज्य विस्थापन आयोग का गठन करे। गैर मजूरवा जमीन का रशीद काटना चालू करे और अगर अधिग्रहण की जाती है तो रैयती के समान मुआवजा का भुगतान करें। 22 महीनों से गोंदलपुरा में गोंदलपुरा कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने और गैर मजूरवा जमीन के मुआवजा भुगतान को लेकर धरना चल रहा है लेकिन सरकार ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। झारखंड में विस्थापन एक गंभीर मुद्दा है। अगर 24 मार्च के बाद भी सरकार इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देती है तो पूरे प्रदेश भर में एक आंदोलन का रूप देकर रेल रोको के साथ-साथ आर्थिक नाकाबंदी की जायेगी। इस मौके पर रेशमा परवीन, अब्दुल कलाम रशिदी, बटेश्वर प्रसाद मेहता, पुष्पा बरदेवा, गया नाथ पांडेय, मोहम्मद जहूर,गणेश प्रसाद महतो, जय नारायण मेहता, शिवलाल महतो, मनोज महतो, निसार अहमद, रामेश्वर कुशवाहा, शंभू कुमार, अजय मिश्रा, रोहित कुमार, अनंत कुमार आर्य, हरिकांत मेहता सहित सैकड़ों आंदोलनकारी और विस्थापित उपस्थित रहे ।

## अवैध बालू लदे 14 ट्रैक्टर जब्त



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंचल अधिकारी सारांश जैन और जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त छापेमारी में परसाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से अवैध बालू परिवहन कर रहे 14 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। सभी जब्त ट्रैक्टर हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों का बताया जा रहा है। इधर प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप है। परसाबाद स्थित बराकर नदी घाट से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर में अवैध बालू लोडकर परिवहन किया जाता है और हजारीबाग जिले के विभिन्न स्थानों पर ऊंचे दामों में बेचा जाता है। बता दें कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से प्रतिदिन अवैध बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। वहीं आम लोगों को भी काफी ऊंचे दामों में बिचौलियों द्वारा बेचा जा रहा है जिससे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास बनाने वाले लाभुकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रखंड के तिलोकरी, करियावां, तमाय, लतबेधवा आदि घाटों से भी प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन कर झुमरीतिलैया के विभिन्न स्थानों में अधिक दामों में बेचा जाता है। वहीं जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समीप से ही सरमाटांड नदी से बालू उठाव कर जयनगर में बेचा जा रहा है। बालू परिवहन करने वाले ट्रैक्टर को चालक के द्वारा लाइट बंद कर काफी तेज गति से भगाया जाता हैं जिससे सड़क पर आते जाते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस सड़क से प्रतिदिन छात्र-छात्राओं का भी स्कूल आना जाना होता है जिससे खतरे की आशंका बनी रहती है।

# झुमरीतिलैया में अटल विरासत संगोष्ठी का आयोजन, बाबूलाल मरांडी हुए शामिल

**अटल बिहारी वाजपेई एक विचारक थेः बाबूलाल मरांडी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह पर अटल विरासत संगोष्ठी का आयोजन सौरभ होटल में किया गया। कार्यक्रम में होली मिलन कार्यक्रम भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक विचारक थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़ कर समाज सेवा शुरू किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ पार्टी का गठन करवाया और पार्टी को पूरे देश में आगे ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने एक मत के चलते सरकार गिरनी मंजूर की लेकिन खरीद फरोख्त पर विश्वास नहीं किया। रमेश सिंह, प्रकाश राम, वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, गोपाल कुमार गुतुल ने अटल बिहारी वाजपेई जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह, अशोक उपाध्याय, अध्यक्ष सुरेश यादव, राजेश सिंह, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, सुधीर सिंह, दिनेश सिंह, सूरज प्रताप मेहता, शशि भूषण प्रसाद, सुभाष मोदी, हरि पंडित, चन्द्रशेखर जोशी, सुनीति सेठ, अरशद खान, वासुदेव शर्मा, राजेंद्र सिंह, राजकिशोर प्रसाद, सत्यनारायण यादव, विनोद भदानी, गतेन्द्र कटारिया, ओमप्रकाश ब्रह्मपुरिया, आशुतोष भदानी, मदन गुप्ता, रमेश सिंह, विष्णु बर्णवाल, मुन्ना सुल्तानिया, सुभाष जैन, रामचंद्र सिंह, प्रकाश राम, वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, जगदीश सलूजा, राजकुमार यादव शामिल हुए।

## होली और रमजान को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने की संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया। मौके पर बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने होली और रमजान त्योहार को लेकर अपना-अपना विचार रखा। जिसमें अवैध शराब बिक्री और निर्माण पर रोक लगाने, शराबियों और हुड़दंगियों पर विशेष निगरानी रखने की मांग किया गया। डीजे पर पूर्ण पाबंदी रखने की बात कही। डीएसपी अजीत विमल ने होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, केदार साव, पंसस युसूफ अंसारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, सरयू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, लालू कुमार, मुकेश कुमार, अर्जुन राणा, चंद्रदीप पांडेय, रहमत अंसारी, कमाल खान, राजकुमार चौधरी, मौलवी रमजान समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक अन्य व्यापारिक बाधा

भारत या दुनिया भर में व्यापार के बारे में होने वाली चर्चा टैरिफ यानी शुल्कों पर ही केंद्रित रहती है। भारत ने लगातार टैरिफ में इजाफा करने के बाद हाल के महीनों में और केंद्रीय बजट में भी यह संकेत दिया है कि आयात शुल्क में कमी की जाएगी। इस नीतिगत बदलाव के बारे में कहा जा रहा है कि इससे भारत में मूल्यवर्धन होगा और भारतीय उत्पादकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने में मदद मिलेगी। बहरहाल आर्थिक खुलापन और एकीकरण अकेले टैरिफ का काम नहीं है। नियमन, प्रतिबंध और कोटा भी इसमें भूमिका निभाते हैं। आमतौर पर इन्हें व्यापार के 'गैर टैरिफ अवरोध' कहा जाता है। भारत के नीति निमार्ताओं को इस बात पर विचार करना चाहिए कि गैर टैरिफ अवरोधों को लेकर उनका रुख, टैरिफ में कमी से होने वाले लाभों के विरोधाभासी है।

हाल के वर्षों में भारत के अफसरशाहों ने एक नयी तरह का गैर टैरिफ अवरोध लागू किया है। यह संरक्षणवादी और राज्य से संबंधित उपाय तथाकथित 'गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों' या क्यूसीओ की आड़ में छिपा हुआ है। जैसा कि अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन तथा अन्य ने कहा है, क्यूसीओ का अधिक इस्तेमाल भारत के व्यापार और उसकी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बहुत अधिक प्रभावित कर रहा है। हालांकि सांकेतिक तौर पर इसका तात्पर्य यह है कि भारतीय बाजार में उपलब्ध वस्तुएं स्थानीय मानकों को पूरा करें, लेकिन हकीकत यह है कि इन ऑर्डर का इस्तेमाल आयात शिप?मेंट को जानबूझकर देर से मंगाने या दूसरी जगह भेजने जैसे कामों के लिए किया जाता है। ऐसे तकरीबन 800 आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इनके दायरे में स्टील से लेकर चमड़ा तक तमाम क्षेत्र आते हैं और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक आने वाले महीनों में तीन गुना क्यूसीओ जारी किये जा सकते हैं।

**सरकार ने आर्थिक खुलेपन को लेकर उच्चस्तरीय निर्णय लिया है और यह भारत के विनिर्माण और व्यापार के लिए अच्छा है। सरकार को इस तरह का फैसला पहले ही ले लेना चाहिए था, लेकिन अब भी देर नहीं हुई है।**

इससे कारोबारियों और व्यापारियों के लिए जीवन मुश्किल होगा। कुछ मौकों पर यह स्पष्ट नहीं होता है कि क्यूसीओ में किन उत्पादों को संदर्भित किया जा रहा है। दूसरे मौकों पर ऑर्डर पूरी तरह नए वर्गीकरण को शामिल करते हैं। उदाहरण के लिए विशिष्ट स्टील के प्रकार। उत्पादक अथवा आयातक अक्सर निश्चित नहीं होते कि उनकी शिपमेंट आएगी और समय पर स्वीकृति पा सकेगी। इससे शेड्यूल और लागत पर असर पड़ता है और निर्यातक अनुबंध के अपने दायित्वों को अक्सर निभा नहीं पाते।

क्यूसीओ के पीछे वजह है चीन से आने वाली खराब गुणवत्ता वाली वस्तुओं को रोकना जिनके बारे में लोगों को चिंता है कि वे भारतीय बाजारों में हावी हैं। परंतु ऐसे ऑर्डर अक्सर बताते हैं कि ऐसे नियंत्रणों से रोकथाम नहीं हो सकी है और ये असली समस्या से अधिक दिक्कतदेह साबित हुए हैं। अफसरशाही प्रोत्साहन लाइसेंस-परमिट राज की अतियों के दौर से ही अपरिवर्तित हैं। अधिक नियंत्रण और अधिक विवेकाधिकार का अर्थ है अधिक शक्ति और अधिक लॉबीइंग। ऐसे व्यवहार के तमाम नकारात्मक परिणाम भी होते हैं।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिंदू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।**

## क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे!

सुदर्शन मिश्र





**मुगल** बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखंडता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिंदू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

**एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।**

फिल्म छावा कोरी फिल्म ही नहीं, हिंदुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाये और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गयीं, जीभ काटी गयी, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिड़का और फिर उनकी हत्या कर दी गयी, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिंदू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए संपूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर जजिया वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचायी गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किये। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआइआर भी दर्ज की गयी है। जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिंदुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्टा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किये और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गये कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गये। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिंदुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाये और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

# कोल्हान की खबरें

## चार हजार लोगों ने थामा आजसू का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के द्वारा जमशेदपुर प्रखंड में दो दिवसीय व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बन बिहारी महतो, केंद्रीय सदस्य अमोल महतो सहित पार्टी के कई युवा कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी के कथक प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 4000 से ज्यादा नये सदस्यों ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण की। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बन बिहारी महतो ने बताया अभियान का उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना व आजसू पार्टी के आधार को मजबूत करना है। आजसू पार्टी का लक्ष्य है 'गांव की सरकार' बनाना। उन्होंने कहा झारखंड में आम जनता को न्याय दिलाने के लिए आजसू पार्टी के मुखिया सुदेश कुमार महतो के नेतृत में झारखण्ड की युवा पूर्व से संघर्ष करते आये और आगे भी करते रहेगी।ताकि विकास की किरण प्रत्येक गांव के एक एक व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा 1986 में झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के बाद आजसू पार्टी का गठन हुआ था। हमारे संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही झारखंड राज्य का गठन संभव हो सका। अब आजसू पार्टी का संकल्प सुदेश कुमार महतो को मुख्यमंत्री के रूप में देखना। इसके लिए पार्टी के नेता व कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत हैं।उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा सरकार ने 1932 के खतियान और 2005 के मुद्दों पर जनता को भ्रमित किया है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था। लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। नियोजन नीति भी अधूरी है। नौकरियों के संबंध में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं। सदस्यता अभियान में आजसू पार्टी के जमशेदपुर प्रखंड सचिव निमाई चंद्र महतो, बेला जुड़ी पंचायत प्रभारी विष्णु कर्मकार, बेको पंचायत के पूर्व मुखिया दुर्लभ चंद्र बेसरा, बड़ा बाकी पंचायत मुखिया सह प्रखंड सचिव राकेश चंद्र मुर्मू, जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, जिला उपाध्यक्ष, जमशेदपुर सरवन सिंह, पूर्व उप प्रमुख मनु महतो, बद्रीनाथ प्रधान,प्रभारी दलदली पंचायत देवेंद्र नाथ महतो, बेला जुड़ी पंचायत अध्यक्ष बरजू मुर्मू, बेला जुड़ी पंचायत सचिव हिमांशु महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने अपनी उपस्थिति से सदस्यता अभियान को सफल बनाया।

## भूमिज समाज की पारंपरिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** भूमिज समाज की पारंपरिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से भूमिज समाज की पारंपरिक ग्राम व्यवस्था को पुनर्जीवित और सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक टीम का गठन किया गया जो गांव-गांव जाकर पारंपरिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूकता फैलायेगी। साथ ही समाज की परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने के लिए एक पुस्तक लेखन पर विचार किया गया। वही युवाओं को समाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के निभाने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड की 'अबुआ सरकार' समाज के हर वर्ग का कल्याण के लिए कार्यरत है। श्री सरदार ने समाज के लोगों को जागरूक रहने व पारंपरिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने युवाओं को समाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा एक मजबूत टीम का गठन आवश्यक है जो गांव से लेकर राज्य स्तर तक कार्य करे।

## पोटका में अवैध धंधों के खिलाफ तीर-धनुष के साथ सड़कों पर उतरेंगे झामुमो कार्यकर्ता



**जमशेदपुर/ पोटका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पोटका प्रखंड में अवैध धंधों के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया। रविवार को हाता में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन और सुनील महतो ने झामुमो कार्यकर्ता संग पारंपरिक तीर-धनुष के साथ सड़कों पर उतरकर इन अवैध गतिविधियों का विरोध करने का घोषणा की। झामुमो नेताओं का आरोप है भाजपा नेताओं के संरक्षण में जमशेदपुर के माफिया पोटका क्षेत्र में अवैध कारोबार चला रहे हैं। जिससे राज्य सरकार को प्रतिमाह करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। झामुमो नेताओ ने कहा पोटका क्षेत्र के विभिन्न क्रशर प्लांटों से बिना चालान के हाइवा ट्रकों द्वारा गिट्टी जमशेदपुर पहुंचाये जा रही है। इसके अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा से बिना चालान के बालू की ढुलाई हो रही है। मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से टाल बनाकर वाहनों से रॉड व अन्य सामान की कटिंग की जा रही है। बड़े बसों का संचालन बिना परमिट के हो रहा है।उन्होंने कहा झामुमो कार्यकर्ता क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर पारंपरिक तीर-धनुष से लैस होकर अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहनों को रोककर उनकी जांच व प्रशासन को सूचित कर कार्रवाई की मांग करेंगी। मौके पर झामुमो नेता सुधीर सोरेन,सुनील महतो,चंद्रावती महतो,भुवनेश्वर सरदार,रजनी सारंगी,जमाल खान,जिगरूल होड़ा,भुगलु टुडू,ने स्पष्ट कर दिया वे क्षेत्र में अवैध धंधों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अवैध धंधों पर रोक लगाने के लिए सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन की जायेगी।

## अटल विरासत सम्मेलन आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन किया जायेगा। आगामी सोमवार को बिस्टुपुर तुलसी भवन सभागार में होने वाले कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय मुख्य अतिथि शामिल होंगे। रविवार को जानकारी देते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा सम्मेलन का उद्देश्य अटल जी की राष्ट्रसेवा, नीतियों और विचारों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,भाजपा और सहयोगी संगठनों के वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न मंडलों से करीब 300 वरिष्ठ कार्यकताओं को इस सम्मान के लिए चुना गया। उन्होंने कहा सम्मेलन सोमवार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध नागरिकों और अटल जी के प्रशंसकों को आमंत्रित किया गया।

## बहरागोड़ा में हरिनाम संकीर्तन से पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के बड़कुलिया,साकरा व बड़शाल गांव में हरिनाम संकीर्तन और झाझिया गांव में भागवत कथा का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बनी रही। वही विधायक ने सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालुओं संग भक्तिभाव से राधा-गोबिंद के चरणों मे प्रणाम कर विधानसभा क्षेत्र के सभी परिवार में सुख,शांति व समृद्धि के लिए कामना की।धार्मिक अनुष्ठान के दौरान विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा प्राचीन संस्कृति और आस्था हमारे समाज की रीढ़ हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा व भाईचारे का संचार होता है। विधायक ने कहा ईश्वर से प्रार्थना करते है क्षेत्र में खुशहाली बनी रहे।इस अवसर पर मुखिया गणेश मुंडा,झामुमो नेता पिंटू दत्ता, हिमांशु सोम,शक्ति सोम, पीयूष नंदी,श्यामल माईती,राकेश दास, राजेश भद्र,अर्जुन मुंडा, पुकलेश नायक,मिथुन कर सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्तित होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में बढ़चढ़ कर योगदान दिया।

## जिला प्रशासन और रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 का पीस फेलोशिप पर सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन और रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 (बिहार-झारखंड) के संयुक्त प्रयास से पीस फेलोशिप पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।रविवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसी रविशंकर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रतीम बनर्जी शामिल हुए। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों को रोटरी पीस फेलोशिप के अवसरों के प्रति जागरूक करना, जो उन्हें विश्व की शीर्ष विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। मौके पर डीसी रविशंकर शुक्ला ने कहा यह समाज और विश्व में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस फेलोशिप के लिए आवेदन करने और अन्य छात्रों को भी प्रेरित करने की अपील की। वही रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रतीम बनर्जी ने रोटरी के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान जल संकट पर चर्चा की। उन्होंने सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। पीस फेलोशिप के प्रमुख रोटेरियन मनोज तिवारी ने बताया रोटरी क्लब हर साल दुनिया के पांच शीर्ष विश्वविद्यालयों में 10-10 प्रशिक्षुओं को मास्टर डिग्री के लिए भेजता है। साथ ही 80 प्रतिशत छात्रों को दो अन्य विश्वविद्यालयों में डिग्री कोर्स के लिए भेजा जाता है।

## जायंट्स सहेली ने पांच प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर पांच प्रतिभावान महिला चित्रकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें सिमरन सोनी को चित्रकारी के लिए शांभवी कुमारी और सुहाना पांडेय को नेशनल क्रिकेट रिप्रेजेंट करने के लिए तथा आयुषी कुमारी पांडेय एवं अंजलि कुमारी दुबे को नेशनल टेबल टेनिस में रिप्रेजेंट करने के लिए सम्मानित गया। यह कार्यक्रम ज्ञान निकेतन गढ़वा में किया गया। मौके पर जायंटस सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी, माला केशरी, रश्मि कमलापुरी, सीमा केशरी, लता कुमार, सुषमा केशरी, रंजना जायसवाल आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक अनंत प्रताप देव की चाची का निधन



रुक्मणि देव का फाइल फोटो।



विधायक अनंत प्रताप देव अपनी चाची को अंतिम विदाई देते हुए।

सगमा (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव की चाची का निधन होने पर लोगों में शोक की लहर। भवनाथपुर विधायक के चाची तथा नगर कटहर गढ़ के लोकप्रिय समाज सेवी सह सगमा स्थित भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के साशी निकाय के आजीवन सचिव स्वर्गीय कृष्ण प्रताप देव की धर्म पत्नी रुक्मणि देव का 82 वर्ष का निधन से क्षेत्र में शोक की लहर देखा जा रहा है। विधायक ने कंधा दिया देकर शमशान घाट पहुचाया। रुक्मणि देव का अंतिम संस्कार अपने पारिवारिक शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व जिप सदस्य नागोपाल यादव, मुखिया तेजलाल राम, कटहर मुखिया पति राजेंद्र राम, देवचंद यादव, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, सुभाष यादव, रामेश्वर यादव, नारायण दास यादव सहित भारी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा डालकर किया नष्ट, कार्रवाई की मांग



कीटनाशक दवा से गेहूं की नष्ट फसल।

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरसली उतरी निवासी बीरेंद्र गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर तीन व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि भवनाथपुर बाजार निवासी प्रदीप साह, परमानंद गुप्ता और आनंद गुप्ता ने उनके रैयती एक एकड़ भूमि में लगे गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा डालकर उसे नष्ट कर दिया। बीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इन लोगों ने पहले भी उनकी हरी धन की फसल को काटकर बर्बाद कर दिया था, जिसके बारे में उन्होंने थाना में लिखित शिकायत की थी। बावजूद इसके ये लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और जानबूझकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीरेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि इन व्यक्तियों के द्वारा जानबूझकर उनकी फसल को नष्ट किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने थाना प्रशासन से इन तीनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## युग परिवर्तन में गायत्री परिवार का प्रयास सराहनीय : एसडीएम संजय कुमार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार को शांतिकुंज हरिद्वार से चला ज्योति कलश रथ रविवार की शाम में गढ़वा पहुंचा। यहां पहुंचने पर स्थानीय गायत्री परिजनों ने रथ का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीओ संजय कुमार ने उपस्थित होकर रथ का पूजन किया और आरती में शामिल हुये। इस दौरान एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि गायत्री परिवार का युग निर्माण आज के समय में समाज के लिये बहुत आवश्यक है। समाज में जिस तरह से संस्कार का लोप हो रहा है और लोगों का नैतिक पतन हो रहा है, इससे बचाने के लिए गायत्री परिवार का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने यह जानकर कि यह रथ पूरे गढ़वा जिले में भ्रमण कर लोगों को युग परिवर्तन का संदेश देने के लिये आया है, बहुत सराहना की। उन्होंने कहा कि यह रथ 26 मार्च तक गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर भारतीय संस्कृति का प्रचार करेगा। समारोह को सफल बनाने में गायत्री परिवार की शोभा पाठक, अनिता देवी, सुनंदा दूबे, संगीता देवी, लक्ष्मी पाठक, मीना कमलापुरी, ममता तिवारी, पूनम चौबे, शोभा सोनी, शिवानी दूबे, प्रमिला देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने पदाधिकारियों संग सभी विकास योजनाओं और राजस्व कार्य से सबधित समीक्षात्मक बैठक की



गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गढ़वा समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास एवं 15वें वित योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त समीक्षात्मक बैठक में पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा अपेक्षाकृत कम राजस्व संग्रहित करने वाले विभागों पर नाराजगी भी व्यक्त की गयी, और राजस्व संग्रहण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त भूमि नामांतरण, केसीसी ऋण, आपूर्ति, जाति, निवास प्रमाण पत्र, मंईयां सम्मान योजना, पेंशन आदि विषयों की भी समीक्षा की गयी। बैठक के उपरोक्त सभी बिंदुओं पर एक-एक कर प्रखंडवार समीक्षा करने के पश्चात उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को 16 मार्च 2025 तक योजनाओं में लगभग शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक के दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक(लेखा), डीआरडीबी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, विभिन्न अभियंत्रण विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), डीआरडीबी, परियोजना पदाधिकारी (प्रधानमंत्री आवास) समेत सभी प्रखंड समन्वयक (पंचायत), गढ़वा जिला और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# आपसी भाइचारा में बांधने वाला त्योहार है होली : सत्येंद्र तिवारी

**विधायक ने बनपुरवा गांव में होली मिलन समारोह का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** होली के त्योहार में लोगों का संबंध और प्रगाढ़ होता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। एक-दूसरे को आपसी भाईचारा में बांधने वाला त्योहार है। होलिका दहन की मान्यता बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। उक्त बातें गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने शनिवार की रात सदर प्रखंड के बनपुरवा गांव में बाबा मोती क्लब की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग अपने धर्म के प्रति काफी जागरूक हैं। आपसी भाईचारा के साथ सौहार्द वातावरण में पर्व-त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सनातन धर्म में लोगों की आस्था बढ़ी है। आने वाला समय में पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजेगा। सनातन धर्म के प्रति आस्था कुंभ में भी देखने को मिली। जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे ने कहा कि जब जब हमारे धर्म पर किसी ने आंख उठायी है, उसे मूंह की खानी पड़ी है। गढ़वा में भी हमारी आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश की गयी थी, जिसका नतीजा सभी के सामने है। धर्म पर संकट आयेगा, तो गढ़वावासी ढाल बनकर खड़ें रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था पर चोट पहुंचाने वालों को गढ़वा के लोगों ने मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया है। मौके पर बिहार के कलाकार सुदर्शन यादव एवं साथियों ने हिन्दी, भोजपुरी के एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, सिद्धेश्वर उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, मंगलमूर्ति तिवारी, समाजसेवी चुनमुन दुबे, ब्रजेशधर दुबे, सत्येंद्र दुबे, मनोज दुबे, संजीव दुबे, गोरखनाथ दुबे, अरुण दुबे, सुनील चंद्रवंशी, मुरारी यादव सहित काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## 45 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जब्त शराब :** इंपीरियल ब्लू 750 एमएल 4080 पीस 340 कार्टून, इंपीरियल ब्लू 180 एमएम 11520 पीस 240 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 ओरिजनल ब्लेंडेड व्हिस्की 375 एमएल 2640 पीस 110 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 डीलक्स व्हिस्की ओरिजिनल 375 एमएल 600 पीस 25 कार्टून, एक ट्रक एमपी 65 जीए 1620, प्लास्टिक स्क्रैप संबंधित फर्जी दस्तावेज, दो एंड्रॉयड मोबाईल, प्लास्टिक के बारे में भरा धान की भूसी 30 बोरा शामिल है।

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस को होली से बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाये जा रहे एक ट्रक में अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। जब्त शराब लगभग 45 लाख रुपये मूल्य की बतायी जा रही है। यह जानकारी रविवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। जांच के दौरान ढाबा के बाहर खड़ी ट्रक एमपी 65 जीए 1620 की जांच की गयी। जांच के दौरान चालक से ट्रक में लोड सामान के बारे में पूछताछ की गयी, तो चालक के द्वारा ट्रक में प्लास्टिक स्क्रैप लोड होने की बात बतायी गयी। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में दस्तावेज सही नहीं पाये जाने पर चालक के सामने ट्रक को खोला गया, तो ट्रक में धान का भूसी से भरा प्लास्टिक बोरा पाया गया। जिसे हटाने पर उक्त ट्रक में अवैध विदेशी शराब पाया गया। सभी शराब के बोतल पर (फॉर सेल इन पंजाब ओनली) लिखा हुआ है। पुलिस ने उक्त ट्रक को जब्त कर थाना ले आयी। साथ ही चालक खेता राम 24 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाड़मेर जिला अंतर्गत सेड़वा थाना क्षेत्र के दीपला का रहने वाला है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ के साथ पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक आदि मौजूद थे।

## इसाई धर्मावलंबियों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बाड़ी खजुरी गांव स्थित सिंदरी पहाड़ तीर्थ यात्रा में रविवार को हजारों ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुये। बता दें कि इस जुबिली में 16 पलियों के लगभग 8,000 तीर्थयात्री शामिल हुए। इस पवित्र मौके पर अन्य धर्मप्रांत के तीर्थयात्री भी शामिल हुए। पवित्र सिंदरी पहाड़ पर इस चालीसा काल में मिस्सा पूजा के दौरान डाल्टनगंज धर्माध्यक्ष विशप थ्योडोर मस्कारेनस ने कहा कि प्रभु अपने प्रजा को कभी संकट में नहीं छोड़ेगा, जो प्रभु में विश्वास करेगा वह बच जायेगा। इस चालीसा के अवसर पर विशप स्वामी ने कठोर शब्द, नाराजगी, क्रोध, निराशा, चिंता, शिकायत, तनाव, स्वार्थ आदि का उपवास करने का संदेश दिया।

## कांडी उच्च विद्यालय में शिक्षकों के खिलाफ फर्जी शिकायत का मामला, मुखिया और अभिभावकों ने उठायी जांच की मांग

**कांडी स्थित रा. कृत जमा दो उच्च विद्यालय में शिक्षकों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी।** कांडी स्थित रा. कृत जमा दो उच्च विद्यालय में शिक्षकों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यह विद्यालय अब विद्या के मंदिर की बजाय एक विवादित अखाड़ा बनता जा रहा है। हाल ही में इस विद्यालय से जुड़ा एक नया मामला चर्चा का केंद्र बन गया है। 4 मार्च को विद्यालय के बच्चों द्वारा लिखी गयी। शिकायत पत्र के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने चार शिक्षकों के खिलाफ स्पष्टीकरण का आदेश जारी किया था, लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आया है। कांडी मुखिया विजय राम और अभिभावक जितेंद्र कुमार सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक लिखित आवेदन भेजा है। इस आवेदन में मुखिया विजय राम ने आरोप लगाया है कि जिला शिक्षा अधिकारी के पास जितने बच्चों के नाम से शिक्षकों के खिलाफ शिकायत की गयी है, वे सभी फर्जी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके दो पुत्रियों- रूपा और रागिनी के नाम भी इस शिकायत में शामिल हैं, लेकिन बच्चों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है और न ही उन्होंने हस्ताक्षर किये हैं। कांडी मुखिया विजय राम ने आरोप लगाया कि इससे पहले विद्यालय की एक ईमानदार शिक्षिका, विद्यानि बखला को भी साजिश के तहत एसीबी द्वारा पकड़वा कर बदनाम किया गया था। अब उसी तरह से कुछ शिक्षकों को बदनाम किया जा रहा है, जो विद्यालय की शान हैं और जिनकी मेहनत से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बनी हुई है। विजय राम ने जिला शिक्षा अधिकारी से यह भी मांग की है कि 1 मार्च 2025 को डीईओ गढ़वा को पूर्व में बच्चों के द्वारा दिया गया था। उस आवेदन के आलोक में निष्पक्ष जांच कर संबधित लोगों पर उचित कार्रवाई किया जाये, जिन्होंने विद्यालय के मासूम बच्चों के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल किया। छात्रों ने भी इस मामले में आवाज उठायी है। छात्रों में मोहम्मद दिलशाद अंसारी, रूपा कुमारी, रागिनी कुमारी, राहुल कुमार सहित अन्य कई बच्चों का नाम शामिल है।

इस विवाद ने विद्यालय में एक नयी बहस छेड़ दी है और अब यह देखना होगा कि जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

## सीखने-सिखाने की प्रक्रिया अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है: एसडीएम

**'प्रभावशाली शिक्षण' विषय पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का टीचर्स ट्रेनिंग संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरकेवीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निदेर्शानुसार शिक्षकों के लिए सेशन 2024-25 के लिए आखिरी व 6वीं इनहाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकायें सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय और एसडीएम संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया। इसके पूर्व निदेशक अलखनाथ पांडेय ने एसडीएम को फ्लावर पॉट और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला में बताये गये बातों का अनुसरण करने की बात कही। अपने संबोधन में उपस्थित सभी शिक्षकों से कहा कि इस सेशन का यह 6वीं और आखिरी इनहाउस ट्रेनिंग है। आज के विषय 'प्रभावी शिक्षण' पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कहा कि क्लासरूम टीचिंग शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए एक युद्ध का मैदान है, जहां उन्हें अज्ञानता, अनुशासनहीनता, अनैतिक मूल्यों जैसी बातों के विरुद्ध लड़ाई लड़कर एक अच्छे विद्यार्थी का निर्माण करना है, जिससे कि एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। आज हमें मूल्य आधारित शिक्षण जिसमें की व्यावहारिकता, संस्कार, नैतिकता, सदाचार पर जोर देने की जरुरत है। शिक्षण पद्धति में शिक्षण सामग्री का प्रयोग होना चाहिए। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। वे स्वयं आज भी अपने व्यस्त दिनचर्या में निरंतर अध्ययनरत हैं और सीखने ही आए हैं। शिक्षक समाज और देश के निर्माता होते हैं। उन्हें अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा नामित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुप कुमार पाण्डेय, नसरीन हक,शहेला खान और राकेश प्रजापति को एसडीएम द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का विषय 'इफेक्टिव टीचिंग' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रुप में आरकेपीएस हूर की प्राचार्या नसरीन हक, गढ़वा से गीता पांडेय, सुगंधा तिवारी और उंचरी स्कूल से संतोष गुप्ता थे। इस अवसर पर प्राचार्य एल के ओझा, अनुप कुमार पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, एसटीएनसी राजकुमार, प्रशिक्षण समन्वयक शहेला खान और विशिष्ट अतिथि के रूप में निखिल पांडेय के साथ-साथ सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## नारी ही सामाजिक संरचनाओं का आधार हैं, इनका सम्मान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है : एमपी केसरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विशेष कर छात्राओं ने अति उत्साह का प्रदर्शन किया। निदेशक ने कहा कि विश्व महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका,संघर्ष और सफलता को दशार्ता है। महिला दिवस महिलाओं की समानता, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस मनाने का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। भारत में सनातन काल से ही महिलाओं के प्रति एक अलग नजरिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, विरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## संगीत कला महाविद्यालय में होली मिलन समारोह



गढ़वा (आजाद सिपाही)। संगीत कला महाविद्यालय में होली मिलन समारोह बहुत ही धूमधाम से संगीत के सारे छात्र-छात्राओं ने मनाया। सभी ने पहले मां सरस्वती का पूजन वंदन करके अबीर गुलाल से एक दूसरे को तिलक लगाया। इस अवसर पर नेहा कुमारी, चंचला कुमारी, सुनेश विश्वकर्मा, संतोष कुमार, अखिलेश कुमार, लाल बहादुर सिंह, अक्षय, राहुल, लालमणि विश्वकर्मा अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश की



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा संगठन महापर्व को लेकर गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल चुनाव प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मंडल पदाधिकारी बूथ कार्यकर्ताओं के साथ मंडल चुनाव संबंधित चर्चा कर मंडल अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी दावेदारी पेश किया। जिसमें नियमानुसार तीन नामों पर चर्चा कर सहमति बनी जो मंडल प्रभारी के द्वारा झारखंड प्रदेश को भेजा जायेगा। मौके पर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह मंडल चुनाव पदाधिकारी हरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, संगठनात्मक ढांचा की मजबूती को लेकर पार्टी ने बुथ से लेकर मंडल जिला प्रदेश तक का चुनाव कार्यकर्ताओं की सहमति से होता है। उन्होंने कहा कि 17 से 19 मार्च के बिच अध्यक्ष चयन का प्रक्रिया पुरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष चुनाव के बाद 21 से लेकर 23 मार्च तक जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया चलेगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता राजकुमार मधेसिया ज़िला कार्यालय मंत्री धनंजय गोंड राकेश शंकर गुप्ता, लखन गुप्ता, टीनकु गुप्ता, गौतम गुप्ता, चोटान सोनी मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद में करियर बनायें, झारखंड सरकार करेगी सहयोग: विधायक

**झारखंड प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, ट्रॉफी देकर किया गया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** डंडई प्रखंड के रारो मदरसा मैदान में झारखंड प्रीमियम लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच छतरपुर बनाम खरदाहा के बीच खेला गया। फाइनल मैच को खरदाहा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में कुल 147 रन बनाया, जबकि छतरपुर की टीम ने जवाबी बारी खेलते हुए 145 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। मैच को खरदाहा की टीम ने 3 रन से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमाया। क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम जिला कार्यकारणी सदस्य ताहिर अंसारी, वशिष्ट अतिथि डॉ प्रवेज आलम, जेएमएम नेता सह मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, जेएमएम नेता चंद्रशेखर प्रसाद सहित ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 25 हजार और उप विजेता को 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच का मैन ऑफ द मैच सकेंद्र सिंह तथा मैन ऑफ द सीरिज डबलू को दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल की प्रतिभा कि कमी नहीं है। उनमें खेल के प्रति छिपी हुई प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल का अच्छा प्लेटफॉर्म मिले, तो निश्चित रूप से डंडई जैसे इलाके से महेंद्र सिंह धौनी जैसा खिलाड़ी निकल अपना क्षेत्र का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को लेकर कोई समस्या आती है, तो बेझिझक हमसे मिले समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, जेएमएम नेता मनीरुद्दीन अंसारी, जेएमएम चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी, नंदू यादव, दीनानाथ पांडे, टूर्नामेंट के सचिव जमील सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' : नशा छोड़ चुके लोगों को एसडीएम ने कॉफी पर किया आमंत्रित

**12 मार्च को 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम होगा आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे लोगों को कॉफी पर आमंत्रित किया है। जो लोग कभी नशे की गिरफ्त में होते थे, तब नशे के चलते उनका परिवार तबाही के कगार पर पहुंच चुका था, किंतु उन्होंने अपनी इच्छा शक्ति के बदौलत 'नशे को न कहा' और धीरे-धीरे अब नशा मुक्त सामान्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए आगामी बुधवार 12 मार्च को 11:00 से 12:00 के बीच समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कई बार बुरी संगत या मानसिक बिखराव के बाद युवक-युवतियां जाने-अनजाने में नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, किंतु जब तक उन्हें गलती का एहसास होता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

संजय कुमार ने कहा कि आज युवाओं में ड्रग्स का प्रचलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिसके चलते न केवल लाखों भविष्य बर्बाद हो रहे हैं बल्कि हंसते खेलते परिवार भी नरक बन जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि ज्यादातर दुर्घटनाओं या अपराधों के पीछे भी नशे का प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष योगदान होता है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# उरु गांव से लापता बच्चे का शव जंगल में मिला

**उरु में शुक्रवार को लगभग 11 बजे से ढाई साल का बच्चा लापता था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्र उरु ग्राम से ढाई साल के बच्चे का लापता की सूचना थाना में देने के बाद रविवार देर शाम जंगल में मिला शव परिजनों के बीच छाया मातम। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वती ग्रामीण इलाका उरु में शुक्रवार को समय लगभग 11 बजे से ढाई साल का बच्चा लापता था। जिस के बारे में बताया जाता है कि उरु निवासी विनोद महतो का ढाई वर्षीय पुत्र पीयूष महतो खेलते खेलते गांव से लापता हो गया था। जिसकी शनिवार को सेन्हा थाना में लिखित देते हुए परिजनों ने बच्चे को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया गया था। परंतु लापता बच्चे का शव घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर जंगल में बच्चा का शव होने की सूचना लकड़हारा के माध्यम से परिजनों को मिलता है। जिसे खोज बॉन के पश्चात बच्चा का शव मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ गया। जिसे माता पिता एवं अन्य परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। साथ ही बताया जाता है कि परिजनों ने लापता बच्चा का सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पूर्व में प्रशासन से अप्रिय घटना होने का संदेह व्यक्त किया था। जिसे घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है और चर्चा का विषय बना हुआ है। ढाई साल के बच्चे के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि अबोध बच्चे के साथ इस घटना को अंजाम दे मानवता को शर्मशार कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिवार वालों कुछ भी कहने के हालत में नही है और बार बार एक ही शब्द बोलते हुए पीड़ित परिवार का कहना है कि पूर्व में सभी बिंदुओं से प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद बच्चे को खोजने में आसमर्थ रहे।

# चंदवा में ओवरब्रिज की मांग को लेकर जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** टोरी में रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर चंदवा के किसानों ने बेमियादी जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू कर दिया है। कामता पंचायत सचिवालय के पास पंचायत समिति सदस्य अयुब खान के नेतृत्व में शुरू हुए इस सत्याग्रह में किसानों ने गढ्ढे में अपने आधे शरीर को दफन कर लिया है। किसानों का कहना है कि ओवरब्रिज का शिलान्यास तीन अप्रैल 2021 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ऑनलाइन किया था। आज तक इसका निर्माण शुरू नहीं किया गया है। सत्याग्रह में अयुब खान के अलावा ग्राम प्रधान पचु गंझु, वार्ड सदस्य जमरुल खान, किसान साजिद खान, सनिका मुंडा, जिदन टोपनो, बुधराम बारला, अनु खान, माइकल हंश, सैफुल खान, तबरेज खान, शाहबान खान, कैस खान, मो छोटु, मोफील खान, सनिका मुंडा, छटु खान, एस रजा, लालधारी तुरी, कमल गंझु, क्युम खान, टिपू खान, जिसान खान, अमीर खान, जहांगीर खान, सरफराज खान, रुसतम खान, वाजीद खान, रेहाना खातुन, रसीदा खातुन, रोजी खातुन, बेबी खातुन, हसबुन बीवी, नसबुन बीवी, गुलनाज बीवी, चंदा बीवी, सीमा सीमा देवी, वाहीद खान, लालो देवी, सीमा देवी, गोपी गंझु, रमजान सांई चिस्ती, इंदर राय, सैफुल खान, रुपू खान समेत कई किसान शामिल हैं।

# नीदरलैंड की समाजसेविका सावित्री गजाधर ने वैदिक लघु गुरुकुल का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** वैदिक लघु गुरुकुल के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को सनातन धर्म से संबंधित पाठ्यक्रम की निःशुल्क पढ़ाई स्थानीय रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर, कोर्ट रोड, पावरगंज में 11 बजे सुबह से करवाया जायेगा। जिसका क्लास जिला के प्रसिद्ध योग गुरु अशोक कुमार आर्या द्वारा ली जायेगी। सनातन धर्म को आगे बढ़ाने व उसको प्रत्येक सनातन को आत्मसात करने के कर्म को आगे बढ़ाने के ध्येय से इस गुरुकुल का प्रथम शाखा का शुभारंभ रामकली देवी शिशु मंदिर स्कूल, कोर्ट रोड, पावरगंज में किया गया। सनातन शिक्षा केंद्र का उद्घाटन नीदरलैंड की समाजसेवीका सावित्री गजाधर ने हवन में दिये एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किये और उन्होंने अपने संदेश में ऋग्वेद के मंत्र बोल के सभी सनातनी हिन्दुओं को साथ मिलकर चलने और बोलने का संदेश दिये। राजेंद्र खत्री ने लोगों से कहा कि अपने सनातन को जनना है तो अपने धर्म ग्रंथो को पढ़ना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने लोगों से अपील किया कि प्रत्येक हिंदू को अपने धर्म ग्रंथो के नाम और 16 संस्कार को जानना चाहिए। आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज आर्य ने कहा की प्रत्येक सनातनियों को यज्ञ करने आना चाहिए। कन्या गुरुकुल हजारीबाग के प्राचार्य पुष्पा शास्त्री ने गुरुकुल के बच्चों का दिनचर्या बताएं और प्रत्येक परिवार के एक बच्चे को गुरुकुल में पढ़ाने के लिए निवेदन किये। कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र मित्तल ने बताया कि जो व्यक्ति धार्मिक होता है उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। लोहरदगा के लिये बड़ा ही सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में डॉ अशोक आचार्य जैसे युवा विद्वान उपस्थित है जो सनातन धर्म का शिक्षा देंगे पढ़ाएंगे। डॉ अशोक आचार्य ने वैदिक लघु गुरुकुल में जो पढ़ाये जायेंगे उनके सिलेबस के विषय में बताये। सरल रूप से वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, चार आश्रम मनुस्मृति, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी दिये।

# जीवन को उद्देश्य देने के लिए स्वाध्याय जरूरी : सीजेएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रविवार को सिविल कोर्ट परिसर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार सह मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, जूडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास जया स्मिता कुजूर मुख्य रुप से उपस्थित थीं। इस मौके पर सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा कि जीवन को उद्देश्य देने के लिए हमेशा स्वाध्याय करते रहना चाहिए, पुस्तकें हमें जीवन में रास्ता दिखाने के साथ- साथ सफलता के मुकाम तक पहुंचाता है। सीजेएम ने कहा की मन को शांत करने के लिए सुबह-सुबह अपने पसंदीदा प्रवचन को सुनना चाहिए। मन एकाग्र करने के साथ साथ किताबी ज्ञान को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने भारत में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके रोकने पर बल दिया और कहा कि जीवन में परेशानियां आती जाती रहती है। लेकिन विकट परिस्थितियों में खुद को जो मजबूत कर लें वो हर जंग जीत सकते हैं। कितनी भी खराब परिस्थिति हो इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि यह बुरा वक्त एक दिन गुजर जायेगा। डीएलएसए सचिव ने कहा कि अपने कीमती जीवन को कभी आत्महत्या करके खत्म नहीं करना चाहिए। बल्कि हर परिस्थिति से लड़ने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर ने आवेश में आकर निर्णय न लेने की अपील की। न्याय सदन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी एवं अधिवक्तागण के द्वारा गीत- संगीत प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा सभी उपस्थित मातृ शक्ति को उपहार और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व महिला प्रतिभागियों ने नारी सशक्तिकरण के गीत प्रस्तुत किये। साथ ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने तमाम उपस्थित कर्मियों, पीएलवी को गुलाल लगाकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी।

# बरवाडीह में सवारी गाड़ी से लकड़ी जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू व्याघ्र परियोजना मेदिनीनगर क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी प्रक्षेत्र बरवाडीह के रेंजर अजय टोप्पो के निर्देश पर रविवार को वन विभाग के टीम के द्वारा छापामारी कर बरकाकाना/ वाराणसी मेमू ट्रेन पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर छापेमारी की गयी। जिसमें वन विभाग की टीम ने बीडीएम ट्रेन सवारी गाड़ी में छिपादोहर, बरवाडीह समेत आसपास के जंगलों से अवैध ढंग से मेदिनीनगर बेचने के लिए ले जा रहे अवैध जलावन की लकड़ी भारी मात्रा में जब्त की है। वन विभाग की टीम ने हरेक बोगी में लादे गये लकड़ी को बरवाडीह स्टेशन में उतार लिया। जिसे जब्त कर बरवाडीह वन विभाग के वनागार में रखा गया है। इस अभियान में शामिल छापामारी दल में वनपाल श्रावण कुमार गुप्ता, अखिलेश कुमार, रजनीश सिंह, मुकेश उरांव, अमृतलाल खाखा अविनाश एक्का, अभिषेक एक्का, मुकेश यादव, नासिर खान, उदय यादव एवं अन्य वनकर्मी शामिल थे।

# भैसमुंदो में दो जलमीनार खराब होने से गहरायी पेयजल की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के ग्राम पंचायत उदरंगी के भैसमुंदो गांव में महली टोली व मुस्लिम मुहल्ला में सोलर जलमीनार कई महीनों से खराब है। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीण 200 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली ने कई बार सवेदक सजीव राय को फोन कर जल मीनार खराब होने की सुचना देते हुये उसे ठीक कराने की बात कही पर सवेदक की लापरवाही से गांव के सैकड़ो ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने भी संवेदक सजीव राय को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीण बताते हैं कि भैसमुंदो गांव के महली टोली मे दो सप्ताह से जबकि मुस्लिम मोहल्ला के समीप सोलर जलमीनार चार माह से खराब पड़ी हुई है। ग्रामीण बुतरु महली, चेंगे उरांव, रंथू उरांव, लक्ष्मण महली, सावित्री देवी, बचनी देवी, मनोज महली सूरज महली, कमला देवी, बासु उरांव आदि का कहना है कि एक वर्ष पूर्व ही सोलर जलमीनार का निर्माण जल नल योजना के तहत लोहरदगा के संवेदक संजीव रॉय द्वारा कराया गया था। दो से तीन महीने सुचारू रूप से चलने के बाद अचानक सोलर जलमीनार में खराबी आ गयी, जिसके चलते यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कुछ दिन में गर्मी भी दस्तक देने वाली है। गर्मी दस्तक देने के बाद तो काफी परेशानी बढ़ जायेगी। हमलोगों ने जलमीनार की मरम्मत कराने के लिए कई बार संवेदक से शिकायत की गयी है, लेकिन आज तक खराब पड़े सोलर जलमीनार की सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि लाखों रुपये की लागत से बनी सोलर जलमीनार दो तीन महीने के बाद ही खराब हो गयी है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जलमीनार निर्माण कार्य में लगायी गयी राशि का दुरूपयोग किया गया है। जिससे जलमीनार खराब हुई है, लोगों को पानी पीने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# रसोइया संघ की बैठक में मानदेय बढ़ाने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पुराना ब्लॉक परिसर में रविवार को। झारखंड राज्य रसोइया संघ के बैनर तले रसोइया संघ की बरवाडीह इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रसोइया संघ की प्रखंड सचिव रीना देवी ने की। वही बैठक संगठन के मुख्य संरक्षक सह भाकपा माले नेता कृष्णा सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक में रसोइया संघ के सदस्यों ने अपनी-अपने विचार रखें। जिसमें मानदेय का भुगतान नियमित करने, सरकार द्वारा मध्यान भोजन योजना में कार्यरत रसोइया का मानदेय 3000 रु करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। इसके साथ ही रसोइया दीदियों को रसोइया यूनिफॉर्म नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की गयी। बैठक में यह निर्णय किया गया कि अगर सरकार द्वारा मार्च तक 3000 रु मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो रसोइया संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इसके साथ बैठक में शामिल अन्य रसोईया ने अलग से अपनी समस्या को रखी। बैठक में बरवाडीह, मोरवाई, सैदुप, होरीलॉन्ग, चपरी, छेचा, पुटूवागढ़, मंगरा, केचकी, गाड़ी, केड़, चुंगरू, लात, से दर्जनों की संख्या में मध्यान भोजन रसोइया शामिल थे। जिनमें रीना देवी, पूनम देवी, संजू देवी, तारा देवी, देवती देवी, पूनम देवी, शांति कुंवर, रुक्मणि देवी, पुष्पा देवी समेत अन्य लोग शामिल थे।

# जिला राजी पड़हा की बैठक, प्रत्येक तीन वर्ष में बिशु शिकार पर जाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत नंदिनी डैम के समीप जिला राजी पड़हा की बैठक जिला राजी पड़हा के बेल (राजा) लक्ष्मी नारायण भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले भर के 32 पड़हा में से 17 पड़हा के पड़हा बेल, देवान, कोटवार, भंडारी जैसे अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था पुनर्गठन, सामाजिक मजबूती, सशक्त ग्राम सभा, पेसा कानून 1996 सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पड़ा पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला बेल लक्ष्मी नारायण भगत को बनाया गया। वही कुछ निष्क्रिय पदाधिकारी को पड़हा से हटाया गया, वहीं कुछ सक्रिय पदाधिकारी को पड़हा से जोड़ा गया। यह भी तय किया गया कि 30 अप्रैल तक जिले के 32 पड़हा में सक्रिय एवं निष्क्रिय पदाधिकारी का फेरबदल करते हुए पड़हा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जायेगा। इसके पश्चात जिला पड़हा का बैठक करते हुए सभी पुनर्गठित पदाधिकारी की सूची प्रकाशित की जायेगी। कहा गया कि प्रत्येक 3 वर्ष में पड़हा की ओर से बिशु शिकार एवं प्रत्येक 12 वर्ष में जनी शिकार जैसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं, इसलिए इस प्रक्रिया को तोड़ने- मरोड़ने की जरूरत नहीं है। निर्णय लिया गया कि 2026 में 3 वर्ष पूरे होने पर पड़हा की ओर से बिशु शिकार जाया जायेगा। मौके पर पड़हा के अगुवाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये कहा कि समाज के लोग अलग-अलग ना चले एक साथ होकर चले तो निश्चित रूप से समाज सशक्त हो सकता है।

# रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय के मंगल मार्ग स्थित मदरसा दारूउलूम कदरिया अबदालिया गुलजारबाग में आठवें रमजान के मौके पर दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। दावते इफ्तार को लेकर तय समय पर प्रखंड के सैकड़ो की संख्या में रोजेदार पहुंचे। तय समय पर मदरसा के संस्थापक और पीर साहब पीरे तरीकत हजरत जया अहमद कादरी के घोषणा के बाद सभी रोजेदारों नें रोजा खोला। रोजा खोलें जाने के बाद सभी रोजेदारों नें नमाज अदा करते हुए दुआ भी पढ़ी। मदरसा के संस्थापक और पीर साहब पीरे तरीकत हजरत जया अहमद कादरी नें बताया की रमजान नेकी और रहमतों का महीना है। इस महीने में अल्लाह की बंदगी करने वाले कभी दुखी नहीं रहते।

# होली मिलन समारोह में कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के द्वारा दिन रविवार को सरस्वती बाल निकेतन पावरगंज, लोहरदगा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा जिले के सभी गणमान्य कुम्हार प्रजापति बंधु एवं समिति के लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारी एवं संरक्षकों के द्वारा संयुक्त रुप से दक्ष प्रजापति को दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव नागेंद्र प्रजापति द्वारा किया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग हास्य कविताएं, चुटकुले एवं गीत प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन बड़े ही हास्यपूर्ण एवं मनोरंजक ढंग से प्रमोद प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कमल महतो के द्वारा होली पर आधारित अनेक कविताएं एवं मनोरंजक गीत गाये गये। वहीं समिति के सदस्य शिव कुमार प्रजापति के द्वारा हास्य कविता प्रस्तुत कर लोगों को गुदगुदाया गया। कार्यक्रम का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया एवम भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली एवं आने वाले नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहेंगे, जिससे समाज के सदस्यों के बीच सामंजस्य एवं स्नेह बरकरार रहे। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विनोद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक दिनेश प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, शशि भूषण प्रजापति, दुर्गा महतो, चमर राम, वासुदेव महतो, शिवनारायण प्रजापति, गणेश राम, सुबोध प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति, पीतांबर महतो, महादेव प्रजापति, सूरज देव प्रजापति, समिति के उपाध्यक्ष सरोज प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति, मृत्युंजय मधुप, दुर्गा प्रजापति, कौशल गौरव अमर प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली : सुनील अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं को समिति का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं संरक्षकों की मौजूदगी में जिला कमेटी की घोषणा की गयी। साथ ही जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के लिए दीपक साहू के नाम की घोषणा की। जिसके पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला-पुरुष सदस्यों के साथ-साथ संरक्षकों एवं पत्रकार बंधु भी होली के मधुर गीतों पर जमकर झूमे और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि होली की शुरूआत राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक के तौर पर बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि बचपन में राधा और कृष्ण अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे,तब से ये परंपरा निरंतर बनी हुई है।

समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि होली की शुरूआत भक्त प्रह्लाद की कहानी से भी जुड़ी है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए आग में प्रवेश किया था। लेकिन भगवान श्री हरि की कृपा से प्रह्लाद बच गये और होलिका जल गयी। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन की परंपरा है और ये त्योहार मनाया जाने लगा। समारोह के दौरान भव्य स्नेह भोज का आयोजन किया भी गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह,परमेश्वर साहू, उदय सिंह, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार, संजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, शैलेश महतो, मुरली अग्रवाल, अनूप गुप्ता, अजय सोनी, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन प्रखंड पंचायत पदाधिकारी सैकड़ों कार्यकर्ता समेत सभी पत्रकार बंधु मौजूद थे।

## विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल को दी दो एंबुलेंस की सौगात, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# पहले से और बेहतर बनेगा हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल: संजय सिंह यादव

**कहा- मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का प्रयास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक संजय सिंह यादव ने होली से पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल को दो ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर क्षेत्र की जनता को सौगात दी। रविवार को पुरंदरबीघा स्थित अपने आवास से विधिवत पूजा अर्चना के बाद विधायक, एसडीओ गौरांग महतो, स्वास्थ उपाधीक्षक डॉ विनेश राम, बीडीओ सुनील वर्मा ने संयुक्त रूप से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के लिये हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा स्वास्थ सुविधा के प्रति झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधा दी गई है। इसमें ऑक्सीजन के साथ ऑक्सीमीटर, फोल्डिंग, स्ट्रैचर की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक पहचाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने स्वास्थ उपाधीक्षक से कहा कि मरीजों किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एम्बुलेंस का रख रखाव बेहतर तरीके से करें और मरीजों को हर हाल में सुविधा मिले। इस मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव, बीपीएम विभूति कुमार, राजद के वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन खान, रिजवान खान, खुर्शीद खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, सुदेश्वर राम, राजेश कुमार सिंह, मोहिउद्दीन अंसारी, विनय सिंह यादव, श्रवण राम, टूना सिंह और अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

## जनता से सम्मानपूर्वक करें व्यवहार: विधायक

**राजद के होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक सहित हजारों लोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


होली मिलन समारोह को संबोधित करते विधायक संजय सिंह यादव।

**हरिहरगंज/पलामू।** शहरी क्षेत्र के राधाकृष्ण मैदान में रविवार को हरिहरगंज राजद प्रखंड इकाई की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव शामिल हुए। उन्होंने सभी को होली की शुभ कामनाएं देते हुए शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड वोटो से जीता कर विधान सभा में भेजे जाने पर जनता का आभार प्रकट किया और उनके विश्वासों पर खरा उतरने का भरोषा दिलाया। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए जनता के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का संदेश दिया। कहा कि किसी के साथ बदजुबानी ना हो इसका ख्याल रखेंगे। दबे-कुचले लोगों को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा करना है। इसके लिए सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करना होगा। उन्होंने मैदान परिसर में भव्य राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण और मैदान की बाउंड्री कराने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का गुणगान किया। उन्होंने संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को भी याद किया। कहा कि इनके बनाए संविधान ने गरीबों को सुख चैन से जीने का अधिकार दिया है। इसलिए हर हाल में संविधान की रक्षा करना हमसब का फर्ज है। उन्होंने केंद्र सरकार की भी आलोचना की। कहा कि केंद्र सरकार ने शिक्षा नीति को बदल दिया है। उन्होंने भाजपा के जनविरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की और लोगों को भाजपा-आरएसएस से सचेत किया। वहीं, होली मिलन समारोह में भोजपुरी बिरहा गायक मगध साम्राट सुदर्शन यादव और महावीर यादव के होली गायन का जम कर लुफ्त उठाया। मौके पर जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, रंजीत पासवान, संजय कुमार यादव, राजद के वरिष्ठ नेता विनय यादव, हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, बुधन सिंह यादव, अशोक जायसवाल, अशोक कुमार यादव, राजकुमार पासवान, महादेव यादव, विकास यादव, राजेंद्र यादव, लखन यादव, दीपक यादव, छोटेलाल गुप्ता, राजेश राम, आनंद यदुवंशी, कमलेश यादव, हीरा यादव आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ, विधायक ने किया उद्घाटन


स्कूल का उद्घाटन करते हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के मुख्य बाजार में वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जेएनवी के प्रिंसिपल ए रूमी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान और पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने संयुक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद शहर हर क्षेत्र में काफी तेजी से विकसित हो रहा है। प्ले स्कूल में बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक विकास होगा। साथ ही शैक्षणिक ज्ञान भी बढ़ेगा। वहीं, स्कूल के निदेशक अंकित कश्यप ने बताया कि वात्सल्य किड्स स्कूल देश का सबसे बड़ा प्री चैन ग्रुप है जो कई शहरों में कार्य कर रहा है। यहां बच्चों के शिक्षण सामग्री के साथ खेल की भी शिक्षा दी जायेगी. स्कूल आने-जाने के लिए सुरिक्षत वाहन भी उपलब्ध है। इस मौके पर समाजसेवी अशोक कश्यप, पूर्व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, प्रो संजय कुमार सिंह, प्रो अरविंद कुमार सिंह, नवोदय विद्यालय के शिक्षक नितिन पांडेय, दिलीप सिंह, विनय सिंह यादव, राजगीर प्रसाद, बिट्टू कश्यप, विजय गुप्ता और राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बिहार के दो युवकों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** शहरी क्षेत्र के एनएच 139 अररुआ मोड़ समीप वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार की देर रात एक बजे की बताई जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही एसआई सतीश कुमार स्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान बिहार के गया जिले के सराय थाना अंतर्गत चैरैली खिजर गांव निवासी श्रवण साव के पुत्र सुनील कुमार (20) और औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना अंतर्गत शिवगंज गांव निवासी मुंशी महतो के पुत्र रविकांत कुमार (26) के रूप में हुई हैं। घटना की पुष्टि करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि ट्रक के धक्के से दोनों बाइक सवार की मौत हुई है। अररुआ मोड़ मेन रोड से कुछ ही दूरी के अंतराल पर दोनों का शव बरामद किया गया। घटनास्थल से ट्रक का नंबर प्लेट भी मिला है। उक्त नंबर को टॉल प्लाजा पर सीसीटीवी फुटेड से क्लियर कर वाहन पर प्राथमिक दर्ज कर धरपकड़ के लिए छापामारी की जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टपार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल कैलीग्राफी, प्रोजेक्ट वर्क प्रदर्शनी का आयोजन




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के चेयरमैन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता द्वारा ऑनलाइन जारी किया गया। इसके बाद चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने फीता काटकर बच्चों द्वारा लिखी गई अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत सुलेख प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होनें बच्चों की सफलता पर ढेरों शुभकामनाएं दी। छात्रों के साथ बेहतर परीक्षा परिणाम एवं कैलीग्राफी प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित करने वाले शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय के चेयरमैन ने सभी शिक्षिकाओं एवं महिला कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं, प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी संतोषप्रद है। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हमारा विद्यालय शिक्षा की नवीन परिभाषा गढ़ेगी। विश्वास है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण दृष्टांत पेश करेंगे। इतनी बाधाओं के बाद भी ऑक्सफोर्ड विद्यालय अपने प्रगति पथ पर अग्रसर है, जिसका प्रमाण आप परीक्षाफल और प्रदर्शनी के माध्यम से देख सकते हैं। पालकों, शिक्षकों और छात्रों की अत्यधिक सक्रियता से ही हम बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल 1602 बच्चों के परीक्षा परिणाम में 72 बच्चों को शत-प्रतिशत (100 फीसदी) अंक और 90 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 360 रही। जबकि 80 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 911 रही। वहीं, प्राचार्य ने कहा कि प्रथम महिला दिवस न्यूयॉर्क शहर में 28 फरवरी 1909 में राजनीतिक कार्यक्रम के रुप में आयोजित किया गया, अब विश्व भर में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत अधिक सम्मान दिया गया है। वहीं, बच्चों द्वारा कला विज्ञान, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर आदि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिनके अवलोकन से अभिभावक और विद्यार्थी अति प्रसन्न हुए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सपा नेता के नेतृत्व में हुआ सामूहिक उपवास, आज से आमरण अनशन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र में तीन साल से बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सेवा चालू कराने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता कमलेश यादव के नेतृत्व में रविवार को सामूहिक उपवास किया गया। इसमें बैठे लोगों ने बंद सीएचसी भवन में ओपीडी सेवा चालू कराने की मांग की है। इस अवसर पर कमलेश यादव ने कहा कि सीएचसी में ओपीडी सेवा शुरू कराने की मांग लेकर बीते 28 फरवरी को धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह की मोहल्लत दी गई थी। इसके बावजूद अब तक ओपीडी सेवा चालू नहीं की गई। इस दौरान सामूहिक उपवास के बाद बेमियादी आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया था। सोमवार से आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस पर भी ओपीडी सेवा चालू नहीं की गई तो उग्र आंदोलन की जाएगी। मौके पर कामेश्वर पासवान, अनिल शौंडिक, सतेंद्र पासवान, रामेश्वर चौधरी, विजय पासवान, मो मोहाई अंसारी, रमेश यादव, धीरेन्द्र यादव, रेशम देवी आदि शामिल थे।

## हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रविवार को होली त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने किया। जिसमें थाना प्रभारी ने लोगों से हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। वहीं, उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से पदाधिकारी को अवगत कराया और समस्या का निदान करने की मांग की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से होली शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर एसआई, संतोष कुमार गुप्ता, सुरेंद्र उरांव, तुरामपूर्ति, श्रवण दास, बाबूलाल यादव, सीआई कन्हैया कुमार, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, उमेश प्रसाद साहू, मुखिया बंधू भुइया, मुखिया कुसमी देवी आदि मौजूद थे।

## रांची रोड बन रहा व्यावसायिक हब: दीपक तिवारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची रोड रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने रविवार को अम्बे इंटरप्राइजेज का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी और संस्थान के प्रोपराइटर विनायक दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने कहा कि रांची रोड़ व्यवसायिक हब बन रहा है। रेड़मा चौक से लेकर चियांकी तक यह रोड व्यवसायिक दृष्टिकोण से प्रतिदिन विकास कर रहा है। यहां बड़ी कंपनियों के स्टोर खुले हैं। साथ ही आमलोग अपने स्टार्टअप से नया एहसास करा रहे हैं। उद्यमी व्यवसायिक प्रतिष्ठान खोलकर अपनी जीविकोपार्जन कर रहे हैं और अपने जीवन में आर्थिक समृद्धि ला रहे हैं। अम्बे इंटरप्राइजेज जैसे संस्थान खुलने से न केवल रांची रोड़ वासियों को फायदा होगा,बल्कि पलामूवासी जो मेदिनीनगर शहर में बाजार करने आते हैं उन्हें लाभ मिलेगा। लोग यहां किफायती कीमतों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की थोक एवं खुदरा खरीद कर सकेंगे। प्रोपराइटर विनायक दुबे ने बताया गया कि इसमें सेलीकोर कंपनी का टीवी, फ्रिज,वाशिंग मशीन के अन्य भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर संतोष तिवारी, राकेश दुबे, मणिधर दुबे, लव पांडेय, परमानंद उपाध्याय, मनीष,चंद्रशेखर तिवारी, सिद्धेश्वर गिरी, दिलीप पांडेय, सुजीत कुमार, लव पांडेय, कुश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## होली और रमजान को लेकर गोमिया थाना में शांति समिति की बैठक

**गोमिया (आजा सिपाही)।** थाना परिसर में होली एवं रमजान को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े ने की। इसमें बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ मो आफताब आलम आदि उपस्थित थे। इस दौरान होली एवं रमजान का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि गोमिया थाना क्षेत्र में कुल 35 जगहों पर होलिका दहन और पांच जगहों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम किया जाता है। वहीं, प्रखंड प्रमुख ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है,जो भेद भाव से ऊपर उठकर भाइचारे का संदेश देता है। इसको शांति और सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है।

## होली को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# होली आपसी भाइचारे का त्योहार, इसे मिलजुल कर मनायें: एसडीओ

**कहा- होली में हुड़दंग और अफवाह फैलावे वालों पर रहेगी पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


होली त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक में एसडीओ एवं अन्य।

**हुसैनाबाद।** होली त्योहार को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ गौरांग महतो और एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने किया। इस अवसर पर एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। वहीं, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। किसी भी तरह के अफवाहों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, एसआई संजय यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सोनू कुमार गुप्ता, रवि रंजन, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मुखिया श्रवण राम, पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, सुहैल आलम, जमील अहमद और सरयू चौधरी आदि मौजूद थे।

## महिला शक्ति की जागरूकता से ही कम होगा प्रदूषण का आतंक : डॉ कौशल

**कहा- महिलाएं पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह करें देखभाल करें**
**- पर्यावरणविद ने दो राज्यों के तीन विद्यालयों के बच्चों को पढाया पर्यावरण धर्म का पाठ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


पौधा रोपण, वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय और अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय के अलावे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल भी शामिल हुए। उन्होंने कन्या पूजन के बाद पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया। इसमें शामिल छात्र-छात्राओं को पर्यावरण धर्म के संबंध में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निबटने के लिए शहर में आकाश बाग और गांवों में किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत बताई। कहा कि किसानों को वृक्ष की खेती करने से ही आकाल, सुखाड़ से राहत भी मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। जिससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा को बंद करने और दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में हेडमास्टर गुप्तेश्वर पासवान, योगेश्वर राम और वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल की ओर से इस विद्यालय में लगाए गए पौधे आज पेड़ बनकर फल -फूल दे रहा है। इस अवसर पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह और वीरेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

## कितम गांव में ग्रामीणों ने पशु लदा पिकअप पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कितम गांव में ग्रामीणों ने एक पिकअप वाहन रविवार की सुबह 9 बजे पकड़ा। पिकअप वाहन में लोड सात गोवंशीय पशु को बरामद किया है। जिसमें एक पशु मृत अवस्था में पाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना जारी थाना को दी। जारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया वहीं आवश्यक कार्रवाई में जुट गयर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने रविवार की सुबह सड़क के बीच एक पिकअप वाहन को संदिग्ध अवस्था में देखा। जांच करने पर उसमें गोवंशीय पशु पाया गया। पिकअप वाहन का एक पिछला चक्का खुलकर अलग हो गया था। खराब पड़े पिकअप वाहन में चालक भी नहीं था। लोगों ने बताया जशपुर जिले के टीन टांगर गांव से पशुओं की बड़ी खेप गुमला लोहरदगा रांची और अन्य जिलों में भेजी जाती है। तस्करी का पता तब चलता है जब कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया बीते रात्रि में तस्करों द्वारा गोवंश पशु की तस्करी की जा रही थी इसी बीच पिकअप वाहन का पत्ती टूट गया। इसके बाद एक चक्का खुल गया। जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# अपने अधिकार के लिए सशक्त होने की जरूरत : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा आयोजित मिलन समारोह सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि उनके कार्यकाल में सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने का का किया गया था। सभी जोड़ियों को 30-30 हजार रुपये दिये जाते थे साथ ही आयोजनकर्ता को 20 हजार दिया जाता था। उस समय काफी संख्या में सामूहिक विवाह हुआ था। उन्होंने कहा कि झारखंड के जिलों में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। 2019 में उन्होंने झारखंड में आर्थिक, सामाजिक सर्वेक्षण करने के लिए पत्र जारी किया था लेकिन इस पर कोई पहल नहीं हुआ। सरकार को चाहिए कि इस पर पहल करते हुए झारखंड में आर्थिक व सामाजिक जनगणना कराए ताकि लोगों को आरक्षण का सही लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए लोगों को सशक्त होने की जरुरत है। जब समाज एकजुट होगा तभी वह मजूबत होगा। दास ने नवदंपति 13 जोड़ियों को 5001-5001 रुपये दिया। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि देश में 3.50 करोड तेली समाज की आबादी है। धीरे धीरे राजनीतिक क्षेत्र में हमें हिस्सेदारी मिल रही है। यह हमारी एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बिना रोए तो मां भी अपने बच्चा का दूध नहीं पिलाती है। इसलिए हमें अपनी मांग को लड़ कर लेना होगा। अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा। यदि कोई हमारा हक छिनने का प्रयास करेगा तो ईट का जवाब पत्थर से दिया जायेगा। राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि दहेज प्रथा को दूर करने में सामूहिक विवाह कार्यक्रम अच्छा पहल है। ऐसे कार्यक्रमों का सराहना किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू, हीरा साहू, मुनेश्वर साहू, राधामोहन साहू, शिवचरण साहू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 50 केवी ट्रांसफार्मर आने पर चैंबर ने बिजली विभाग को दी बधाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 50 केवी का एक और ट्रांसफार्मर बिजली विभाग में आने पर चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल पावर हाउस में जाकर विभाग के पदाधिकारीयों से मिलकर बधाई दिया। ज्ञात हो कि विगत कई महीनों पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रयास से बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वस्त किया था जो पूर्व में ही एक 50 केवी का ट्रांसफार्मर आ चुका था और वादे के मुताबिक एक और ट्रांसफार्मर पावर हाउस आ चुका है। इसकी सूचना मिलते ही गुमला चैंबर के पदाधिकारीगण अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में पावर हाउस जाकर ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किये। उपस्थित पदाधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दिया। विभाग द्वारा बताया गया कि 50 केवी का दो ट्रांसफार्मर गुमला में हो जाने से आगामी 30 साल तक बिजली की दिक्कत नहीं होगी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी ने दिया।

### झारखंड ऑफिसर टीचर इंप्लाइज फेडरेशन की बैठक

## कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रविवार को झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय ज्योति संघ गुमला में संपन्न हुई। जिला कार्यकारिणी की बैठक में सरकारी कर्मचारियों की प्रमुख तीन मांगों यथा एमएसीपी, सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 वर्ष से 62 वर्ष करने एवं शिशु शिक्षण भत्ता को लेकर हस्ताक्षर अभियान में गति लाने हेतु बैठक संपन्न की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पांडेय ने की। बैठक में गुमला जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव एवं प्रखंड कोषाध्यक्षों को चर्चा के दौरान जानकारी दी गयी कि राज्य सरकार को कर्मचारियों की ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों से अवगत कराना इस महाहस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य है। इस अभियान के अंतर्गत फेडरेशन ने प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। जिसमें केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करना, राज्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को 62 वर्ष करना एवं एमएसपी का लाभ देना प्रमुख है।

जिला सचिव हरेंद्र कुमार के द्वारा जानकारी दी गयी कि झारखंड सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में राज्य कर्मचारियों की हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं। सत्तारूढ़ दल ने अपने घोषणा पत्र में भी शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी देने की बात प्रमुखता से कही है। जिला सचिव ने भरोसा जताया है कि राज्य सरकार जल्द ही कर्मचारियों को इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेगा। बैठक में मुख्य मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नंद के द्वारा जानकारी देते हुए बतलाया गया कि संगठन द्वारा पांच चरणों में आंदोलन के लिए कार्यक्रमों की घोषणा की गयी है जिसमें प्रथम चरण में 7 फरवरी से 20 मार्च तक समस्त राज्य कर्मियों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

## पिकअप की टक्कर से छात्र घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर स्थित टावर चौक के पास रविवार की शाम 5 बजे पिकअप वाहन के टक्कर से डुमरी के टांगीनाथ स्थित एक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाला 10 वर्षीय छात्र सत्येंद्र उरांव घायल हो गया। घटना में उसके पैर में गंभीर चोट लगी। जिसके बाद पिकअप चालक और स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल छात्र के साथी संदीप उरांव ने बताया विद्यालय में हम लोग नया नामांकन कराये हैं। वहीं हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। विद्यालय के शिक्षक माट वीर लाल सिंह चावल खरीदने के लिए हम दोनों को साथ गुमला लेकर आये जहां हम दोनों को पैदल ही चावल दुकान जाने के लिए कहा हम दोनों पैदल पालकोट रोड की ओर जा रहे थे तभी पीछे से पिकअप टक्कर मार दिया। वहीं सदर अस्पताल में छात्र का इलाज चल रहा है।

## 24 साल बाद भी बाइपास अधूरा शहर में हो रही जाम की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर में आए दिन जाम की समस्याओं से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुमला में मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है उस दिन जाम की स्थिति और भयावह हो जाती है। लोगों को शहीद चौक से पटेल चौक तक पहुंचने में आधा घंटा लग जाता है। तपती धूप में सड़क पर जाम से लोग परेशान हैं। स्कूल छुट्टी होने के बाद स्कूल के बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं। जाम लगने का मुख्य कारण अधूरा बाइपास सड़क, बस और टेंपो है। प्रशासन का आदेश है कि बसें बस स्टैंड निकलकर निर्धारित स्थल पर ही यात्रियों का उतार चढ़ाव करें। लेकिन बस चालक और संचालक के मनमानी के कारण शहर के सड़क पर ही बसों को रोक कर यात्रियों को उतारा चढ़ाया जाता है। साथ ही बसें सड़कों पर चींटी की चाल से चलती है। जिसके कारण बस के पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वहीं टेंपो वाले जहां-तहां सड़क के किनारे ही टेंपो को खड़ा कर यात्रियों का उतार चढ़ाव करते हैं। पालकोट रोड में नगर परिषद द्वारा टेंपो स्टैंड बनाया गया था लेकिन यह योजना भी फेल हो गई। समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने बताया शहर में कई बैंक मुख्य सड़क पर ही हैं जहां लोग सड़क के किनारे ही वाहनों को लगाकर बैंक चले जाते हैं। शहर में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण जाम लगती है। शहर के सभी बैंकों को कचहरी परिसर और आसपास के खाली सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जाये जिससे जाम की समस्या से राहत मिल सकती है।

## सदर अस्पताल में स्किन ग्राफ्टिंग सर्जरी से महिला का सफल इलाज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला में स्क्रीन ग्राफ्टिंग सर्जरी से महिला का सफल इलाज किया गया। डॉक्टरों की पांच सदस्य टीम ने ऑपरेशन किया। जिसमें डॉक्टर श्वेता कुमारी, डॉक्टर ज्योति कुमारी, डॉक्टर प्रियंका उरांव असिस्टेंट पिंकू कुमार और सिस्टर निशा शामिल थे। सदर अस्पताल से डॉक्टर ने महिला को रांची रेफर कर दिया था। लेकिन डॉक्टरों की टीम ने रविवार की सुबह एक घंटे की मेहनत के बाद सफल इलाज किया। डॉक्टर श्वेता ने बताया महिला का मुंह नहीं खुल रहा था जिससे उसे खाने-पीने में परेशानी हो रही थी। उसका दांत सड़ कर खराब हो गया था साथ ही गाल फूल गया था। उसे जनवरी से यह परेशानी हो रही थी। इसके बाद शरीर के अंग को काटकर उसका प्लास्टिक सर्जरी किया गया। सदर अस्पताल में यह स्क्रीन ग्राफ्टिंग सर्जरी का पहला सफल इलाज है।

## फितरा और जकात की राशि अंजुमन इस्लामिया के पास जमा करें : आशिक अंसारी

गुमला (आजाद सिपाही)। अंजुमन इसलामिया गुमला के प्रवक्ता आशिक अंसारी ने सभी रोजेदारों को रमजानुल मुबारक के आठवें रोजे की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि सभी मसजिदों में तरावीह हो रही है। देश की खुशहाली के लिए प्रतिदिन रोजेदार दुआएं कर रहे हैं। उन्होंने सभी मुस्लिम भाइयों से गुजारिश है कि फितरा और जकात की रकम जल्द से जल्द अंजुमन इस्लामिया गुमला के पास जमा कर दें, ताकि जरूरत मंद गरीबों में उक्त राशि का वितरण किया जा सके। उन्होने बताया कि फितरा की रकम इस साल 75/ रुपये तय की गयी है। प्रवक्ता आशिक अंसारी ने कहा कि इस सिलसिले में अंजुमन इसलामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी और सचिव मो. मकसूद आलम ने आवाम से इसकी गुजारिश की है। राशि से इस साल गरीब लडकियों की शादी में मदद की जायेगी।

## जशपुर रोड में प्रतिज्ञा महिला संगठन ने कार्यक्रम का किया आयोजन, कहा, 2500 नहीं, रोजगार चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शहर के जशपुर रोड में झारखंड प्रतिज्ञा महिला संगठन के सदस्यों ने कहा कि सरकार महिलाओं को रोजगार मुहैया कराये मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 हमें नहीं चाहिए। मुफ्त के पैसे पाकर महिलाएं कोढ़ी हो जा रही है जब तक यह सरकार रहेगी तब तक मुफ्त का पैसा मिलेगा उसके बाद क्या होगा। हमें सम्मान अधिकार और रोजगार चाहिए। रविवार की सुबह 9 बजे महिलाओं ने कहा सरकार झारखंड की महिलाओं को ठगने का काम कर रही है। मुफ्त खोरी कर महिलाओं को स्वावलंबी बनने से रोकने का काम कर रही है। पूरे 5 साल का एक मुश्त पैसा महिलाओं को मिलता तो उस मोटी रकम से महिलाएं रोजगार करती लेकिन हर माह 2500 मिलने से वह पैसा इधर-उधर खर्च हो जाता है। मौके पर जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि रोजगार के अभाव में महिलाएं शराब और हड़िया बेचने का काम करती है। गुमला जिला में नशा युवाओं व अन्य लोगों को अपने आगोश में ले रहा है नशा के खिलाफ संगठन वृहद अभियान चलायेगी। मंईयां योजना का लाभ संपन्न लोगों को मिल रहा है और जिन्हें इसकी जरूरत है उन्हें योजना के लाभ से वंचित किया गया है। सरकार मुफ्तखोरी बंद करें और महिलाओं को रोजगार के अवसर दिलाये। कई गरीब महिलाओं का राशन कार्ड नहीं बना है जिसके कारण उन्हें सरकार की ओर से दिया जाने वाली अनाज नहीं मिल रहा है। वही गुमला शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का योजना भी फेल हो गया। नगर परिषद सिर्फ कागजों पर चल रहा है। मौके पर कलावती देवी, सुधा देवी, माया कुजूर, सुमित्रा देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी, सीता देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

## पुस्तकालय भवन को तोड़ने और दुकान शेड बनाने के विरोध में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा में पुस्तकालय भवन के पास पुस्तकालय भवन को तोड़ने और वहां पर दुकान सेट बनाने के विरोध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया योगेंद्र भगत ने किया गया। बैठक में ग्राम वासियों ने कहा कि उक्त जगह पर पुस्तकालय भवन सह सामुदायिक भवन बना था। जहां सामाजिक कार्य, विवाह, बच्चों के इनडोर खेल, पूजा पाठ वह अन्य कार्यों में उक्त पुस्तकालय सह सामुदायिक भवन का उपयोग किया जाता था। जहां गुमला जिला परिषद विभाग से टेंडर निकालकर उक्त भवन को तोड़वा दिया गया और उक्त स्थल पर दुकान शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। उक्त जगह पर सामुदायिक भवन ही बने ताकि लोगों के सामाजिक कार्य में सहयोग हो सके। लोगों ने यह भी कहा कि उक्त जगह पर वर्षों से रहे पुस्तकालय सह सामुदायिक भवन का उपयोग ग्रामवासी करते आ रहे हैं। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर लोगों के सुविधा और उपयोग के हिसाब से सरकारी भवन का निर्माण किया जाना चाहिए और नहीं तो फिर ऐसे भवन सिर्फ बना तो दिए जाते हैं लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पता है। घाघरा प्रखंड में कई करोड़ रूपया का भवन बनकर बेकार पड़ा हुआ है जिसका उपयोग नहीं हो रहा है इस तरह पुस्तकालय भवन को तोड़कर अगर सेट बनाया जायेगा तो निश्चित रूप से उसका उपयोग नहीं हो पायेगा और यहां के लोगों को परेशानी होगी। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि इस पूरे मामले को लेकर के उपायुक्त गुमला को आवेदन सौंप कर अवगत कराते हुए सामुदायिक भवन बनवाने की मांग की जायेगी। मौके पर मुखिया योगेंद्र भगत, शंभू साहू, सुशील गोस्वामी, नीरज कुमार साहू, संजय गुप्ता, निखिल गुप्ता, प्रभात गुप्ता, शेखर भगत, शशांक शेखर दीपक कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता शंभू गुप्ता शैलेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाल सुधार गृह में नाबालिग ने पी फिनाइल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बाल सुधार गृह सिलम में दुष्कर्म की सजा काट रहे 16 वर्षीय नाबालिक छात्र ने शनिवार की शाम 6 बजे फिनाइल पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। तत्काल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार करीब 3 माह पूर्व एक शहर के प्लस टू स्कूल की छात्रा को उसी विद्यालय के दो छात्र स्कूटी में बैठाकर घर पहुंचने की बात कह कर दुंदरिया पहाड़ की ओर ले गये थे और बारी-बारी से दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया जिसके बाद उसे घर के समीप ले जाकर छोड़ दिया था। इसके बाद परिजन गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराये थे। पुलिस ने एक छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि दूसरे छात्र को निरुद्ध किया गया और उसे बाल सुधार गृह में रखा गया था। शनिवार को वह बाथरुम गया और फिनायल पी लिया।

## बस और लूना की टक्कर में एक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय चांदनी चौक स्थित जगरनाथ मंदिर के पास जिला पुलिस बल के बस एवं टीवीएस हेवी ड्यूटी सवार बुजुर्ग के सीधी टक्कर में टीवीएस हेवी ड्यूटी सवार रामसाय भगत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रामसाय चैनपुर के किरतो गांव का रहने वाला है। घायल रामसायं भगत को ग्रामीणों के सहयोग से टेंपो में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रामसाय को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामसाय टीवीएस हेवी ड्यूटी से घाघरा की ओर आया था और वह वापस अपने घर जा रहा था। इसी बीच चांदनी चौक घाघरा जगरनाथ मंदिर के समीप सामने से आ रही पुलिस बस से टक्कर हो गयी। जिससे वह गिरकर लहूलुहान हो गया। घाघरा पुलिस घटनास्थल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घायल का हाल-चाल जाना और मामले की छानबीन कर रही है।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रविवार को थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक चैनपुर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह की अध्यक्षता में होली पर्व, रमजान, ईद पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी त्योहारों को हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, मुखिया विरेन्द्र उरांव, कमलेश झा, नाजीर खान, बसंत प्रसाद, जहीरुद्दीन,योगेंद्र सिंह, जगदीश सिंह और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एवर शाइन क्रिकेट क्लब सतवारी की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में 9 विकेट खोकर 138 रन बनाये(

## वेटरन क्रिकेट कप प्रतियोगिता पर एवर शाइन क्लब सतवारी ने किया कब्जा

एजेंसी



**आरएस पुरा।** आरएस पुरा के सतोबाली मैदान में खेली जा रही वेटरन क्रिकेट कप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एवर शाइन क्रिकेट क्लब सतवारी तथा आजाद क्रिकेट क्लब आरएस पुरा के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एवर शाइन क्रिकेट क्लब सतवारी की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में 9 विकेट खोकर 138 रन बनाये। शाइन क्रिकेट क्लब सतवारी की टीम के बल्लेबाज चमकौर सिंह ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंद में 64 रन बनाए। जबकि मनजीत सिंह ने 10 रन, बल्लेबाज विक्की डोगरा ने 19 तथा अनिल गुप्ता ने 13 रनों का योगदान दिया।

वहीं आजाद क्रिकेट क्लब की टीम 112 रन ही बना सकी। आजाद क्रिकेट क्लब की तरफ से सबसे अधिक रन अमन सिंह ने बनाए। उन्होंने 33 गेंद खेल कर 24 रनों का योगदान दिया जबकि अश्वनी शर्मा ने 13, राजीव दत्त ने 14 रनों की पारी खेली। इस अवसर पर थाना प्रभारी आरएस पुरा रवि सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात करने के बाद विजेता तथा उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करवाने के लिए आयोजक सनी मन्हास, काका तथा प्रदीप शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी तरफ से खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से लगातार इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से भी अपील करते हुए कहा कि खेलों की तरफ आगे आएं और शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं। इस मौके पर केमिस्ट एसोसिएशन आरएस पुरा की तरफ से क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को स्पॉन्सर किया गया और खिलाड़ियों के लिए बेहतर बंदोबस्त किये गये।

## उत्तर क्षेत्रीय हॉकी में दिल्ली ऑडिट बनी चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** दिल्ली ऑडिट ने एजीयूपी को 4-0 से हराकर भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग की उत्तर क्षेत्र हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में दिल्ली ऑडिट के लिए पहले हॉफ में विष्णु कांत ने 14वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी।

दूसरे हॉफ के 47वें मिनट में राजकुमार पाल ने दूसरा, 49वें मिनट में नितिन मुकेश तिग्गा ने तीसरा और 57वें मिनट में मिथिलेश कुमार ने चौथा गोल करके दिल्ली ऑडिट को 4-0 से जीत दिला दी।

एजी-दिल्ली के नीलम मैन ऑफ दी मैच तथा एजीयूपी के अंकित मलिक मैन ऑफ दी टूर्नामेंट रहे। एजी-दिल्ली के ओलम्पियन राजकुमार पाल को मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार रामहित ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए लेखापरीक्षा मनोरंजन क्लब के अध्यक्ष एवं उपमहालेखाकार श्रेयांश सिंह व अन्य पदाधिकारियों अनिल सिंह, अमित सिंह, कुशल बाल्मिकी एवं कमेंटेटर विजय पांडेय को बधाई दी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



### साइबर अपराधियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ रवाना

# नये नंबरों से आने वाले फोन से सावधान रहें और बहकावे में ना फंसें: सिटी एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलाचल में बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है। रविवार को पुलिस केंद्र से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि जागरूकता रथ के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। क्योंकि आज के समय में समाज के लोग साइबर अपराधियों के ठगी के शिकार बन रहे हैं। इसलिए इसका उद्देश्य यह है कि लोग जागरूक हो और



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सिटी एसपी एवं अन्य गणमान्य लोग।

साइबर ठगी के शिकार ना हो। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जो लोगों को जागरूक करेगा। इसके लिए यहां के जो सामाजिक कार्यकर्ता हैं वे भी हमारे साथ हैं। उनको भी जानकारी दी गई है। डीएसपी और थाना प्रभारी के सहयोग से जागरूकता रथ को रवाना किया गया है. जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाया जा सकेगा। यह पूरे धनबाद में घूम-घूम कर लोगों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देंगे। लोगों से अपील है कि नये नंबरों से सावधान रहें और उनके बहकावे में ना फसें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें या पुलिस की मदद ले. ताकि साइबर ठगी से बच पाए। यह ग्रामीण क्षेत्रों में भी घूमेगा जिससे लोगों को जागरूकता मिलेगी। इससे साइबर ठगी करने वाले ज्यादा से ज्यादा संख्या में जेल भेजें जाएंगे।

## डीसी ने लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वृद्धजनों को गुलाल लगाकर खेली होली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** संबलपुर स्थित ओल्ड इज होम में रविवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा शामिल हुई। आश्रम के अध्यक्ष मो नौशाद गदी ने बुके देकर डीसी का स्वागत किया। इस अवसर पर डीसी को आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों ने अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। जबकि डीसी ने वृद्ध जनों को अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर




भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने होली का एक से बढ़कर एक गीत गाया। मौके पर आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, सचिव सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, राहुल सिंह, ऋषभ राज, मानव अधिकार प्रोटेक्शन के झारखंड महा सचिव मुख्तार अहमद, मुन्ना सिंह, सुबल सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं, डीसी ने सभी को होली की बधाई दी। कहा कि आज इस आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के साथ होली मना कर काफी अच्छा लगा। वहीं रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ने सभी को होली की बधाई दी

## होली और रमजान को मिलजुल कर मनायें: थाना प्रभारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ललपनिया।** होली और रमजान लेकर गोमिया थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े ने की। इसमें दोनों समुदाय के लोग मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली और रमजान मनाने का निर्णय लिया। वहीं, गोमिया बीडीओ महादेव महतो ने कहा कि माता-पिता अपने 18 वर्ष की कम आयु बच्चे को बाइक ना दें, क्योंकि वह बच्चा एक बस्ती से दूसरे बस्ती जाते है और बेवजह शोर मचाते हैं। इसी कारण कहीं-कहीं साइलेंसर की तेज आवाज की वजह से झगड़ा भी हो जाता है। वहीं, थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने कहा कि होली के इस



महापर्व और रमजान को सभी को मिलजुल कर मनाना है। होली और ईद भाईचारा एवं एकता का प्रतीक है। इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनना चाहिए। इस वर्ष होली और रमजान महीने का जुम्मा एक ही दिन पड़ा है। ऐसे में त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। उन्होंने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि हुड़दंह मचाने और अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों की शिकायत तुरंत पुलिस को दें। उनके खिलाप त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर समाजसेवी राजेश विश्वकर्मा, पंसस विष्णु लाल सिंह, मुखिया तारामणि देवी, मुकेश सोरेन, बिपिन नायक, चितरंजन सिंह और मेराज राय आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक, ली गयी सदस्यों की राय

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। बैठक में बेरमो विधायक सह यूनियन के अध्यक्ष कुमार जयमंगल सिंह द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक कुमार महेश सिंह भी उपस्थित हुए। बताते चलें कि राष्ट्रीय कोरियारी मजदूर यूनियन के कार्यकारिणी समिति की बैठक में कुछ महीना पहले यह निर्णय लिया गया था कि बीसीसीएल रीजनल कमेटी का भी गठन किया जाएगा। हालांकि कार्यकारिणी समिति ने यूनियन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह विधायक को अधिकृत किया था वे जैसा भी रीजनल कमेटी बनाएंगे वो मान्य होगा। लेकिन अनूप सिंह ने अधिकृत होने के बावजूद कुमार महेश सिंह को पर्यवेक्षक बनाकर सभी की राय जाननी जरूरी



समझा। इसीलिए आज के बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में कुमार महेश सिंह को भेजा गया है। इसमें पर्यवेक्षक ने केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी और एरिया सेक्रेटरी और अध्यक्ष से बात कर सबकी राय ली। सभी ने एक स्वर से कुमार महेश सिंह को बताया कि कुमार जयमंगल सिंह उनके अध्यक्ष हैं। उनके माध्यम से यह सूचना देना चाहते हैं कि कुमार जयमंगल सिंह जो भी कमेटी बनाएंगे वो सभी को मान्य होगा। बैठक में सर्वप्रथम' पर्यवेक्षक का साल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके बाद एक-एक कर कुमार महेश सिंह ने सभी की राय जानी। कहा कि दो दिनों के अंदर अध्यक्ष को वने अपना रिपोर्ट सौंपेंगें। वहींज, बैठक में ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, एके झा, वीरेंद्र अंबष्ट, मिथिलेश कुमार सिंह, लगनदेव यादव, रामप्रीत प्रसाद, शकील अहमद, रामचंद्र पासवान, रवि चौबे, रणधीर ठाकुर, एसके शाही, वैभव सिन्हा, अमरेंद्र चौधरी, माधव सिंह, दयाल महतो, इंदल यादव, विमलेश चौबे, विजय कुमार दुबे, सुनील राय, वीरेंद्र पासी, रामायण प्रसाद, गोपाल सिंह और मो मोहिउद्दीन आदि उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार हर क्षेत्र में कर रही विकास : लक्खी



### धर्माबांध में झामुमो का सदस्यता अभियान सह मिलन समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** धर्माबांध नीचे देवघरा में रविवार को झामुमो का सदस्यता अभियान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धीरन रवानी ने की। इसस दौरान करीब 200 लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। अपने संबोधन में झामुमो की पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है। मंइयां सम्मान योजना का लाभ हर घर को मिल रहा है। उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला करते हुए उसे पूंजीपत्तियों की पार्टी करार दिया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को झामुमो की सदस्यता लेने की अपील की। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य नकूल महतो, डॉ नीलम मिश्रा, सुखलाल मरांडी, रतीलाल टुडू, अलाउद्दीन अंसारी, मुकेश सिंह, मनोज रवानी, राजेंद्र प्रसाद राजा, दयाल महतो, निर्मल रवानी, विजय महतो, मनोज महतो, हरेंद्र, इम्तियाज अंसारी, घंटू त्रिगुनाईत, घनंजय रवानी, सहदेव महतो, सुरेश महतो, प्रवीण लाला, सज्जाद अंसारी, संजय रजवार, रितिक सिंह, धनंजय रवानी, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## होली एवं रमजान को लेकर कतरास-बरोरा में शांति समिति की बैठक, मिलकर त्योहार मनाने की अपील





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** होली और रमजान महीने के जुम्मा को लेकर रविवार को कतरास थाना परिसर में शांति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंसपेक्टर सह थाना प्रभारी आसित सिंह और संचालन समाजसेवी मोहम्मद शहाबुद्दीन ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में मिलजुल कर होली और रमजान मनाने की अपील की। कहा कि किसी तरह के अफवाह पर बिल्कुल ध्यान ना दें। पुलिस हर चौक-चौराहे पर मुस्तैद दिखेगी। उन्होंने चेताते हुए कहा कि भड़काऊ गाने बजाने और सोशल मीडिया पर तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली से पूर्व बधाई दी। इस मौके पर सब इंसपेक्टर सोनू कुमार, कुंदन सिंह, अलोमनी केरकेटा, सत्येन्द्र चौबे, अजय कुमार, रणधीर ठाकुर, महेश पासवान, सूरजदेव मिश्रा, जितेश रजवार, प्रिंस शर्मा, उदय वर्मा, कमलेश सिंह, मोहम्मद इस्त्राइल अंसारी, प्रदीप पांडेय, हरि प्रसाद अग्रवाल, निशार अंसारी, अताउर रहमान, आनंदी यादव और प्रदीप मोदक आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, बरोरा थाना में भी थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा की अध्यक्षता में होली और रमजान के जुम्मा की नमाज को लेकर शांति समिति की बैठक गई। जिसमें क्षेत्र में शांति बनाए रखने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक का संचालन डॉक्टर मुकेश कुमार राय ने किया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक सद्भावना बनाए रखने के लिए सुझाव दिए। वहीं, थाना प्रभारी ने सभी से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की। बैठक के माध्यम से पुलिस और शांति समिति के बीच सामंजस्य स्थापित किया गया, ताकि होली और जुमा के दिन शांति पूर्ण वातावरण बना रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस मौके पर अवर निरीक्षक अभिषेक तिवारी, तारकेश्वर दास, संजय प्रकाश कुल्लू, सहायक अवर निरक्षक साहिबा हेम्ब्रम, शिवनारायण टोप्पो, अनुज टोप्पो, सनातन मरांडी आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 21 महिलाओं का बंध्याकरण

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के होसिर पूर्वी पंचायत स्थित एनएम मेमोरियल अस्पताल में रविवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 21 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। सबसे पहले महिलाओं की प्रेगनेंसी जांच, एचआईवी एवं अन्य तरह की जांच की गयी। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर जावेद आलम ने बताया कि इस अस्पताल में महीने के प्रत्येक रविवार को महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया जाता है। साथ ही



महीने के एक से 10 तारीख तक अस्पताल परिसर में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। वहीं अस्पताल के निदेशक हाजी हारून ने बताया कि बीते आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर भी निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे 50 से ज्यादा लोगों के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी थी। इस मौके पर अस्पताल के जीएनएम राधा महंता, एनएम सुप्रिया कुमारी, रीता टुडू, लैब टेक्नीशियन श्याम कुमार आदि मौजूद रहे।

## इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक में आंदोलन को धार देने की योजना पर को लेकर हुई चर्चा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक रविवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन में हुई। जिसकी अध्यक्षता इनौस के राज्य अध्यक्ष संदीप जायसवाल और संचालन पवन महतो ने किया। बैठक में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज उपस्थित थे। अपने संबोधन में राष्ट्रीय महासचिव नीरज ने कहा कि धनबाद में नौजवानों के साथ एक जुझारू आंदोलन खड़ा करने की योजना है। जिसके लिए प्रखंड से पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर नौजवानों को इंकलाबी नौजवान सभा में जोड़ेंगे। कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा की सरकार आने के बाद से नौजवानों के समक्ष कई तरह की चुनौतियां आ गयी है। देश में बेरोजगारी चरम पर है। सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में देकर युवाओं के अवसरों को छीना जा रहा है। थोड़ा बहुत रोजगार है उसमें कई प्रकार की धांधली है। 23 मार्च को भगत सिंह की शहादत दिवस पर इंकलाबी नौजवान सभा जिले के सभी प्रखंडों में नौजवानों की गोलबंदी के साथ भगत सिंह की सपनों का हिंदुस्तान बनाने का संकल्प लेते हुए मार्च निकालेंगे। वहीं 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के दिन जगह-जगह जुलूस निकालया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद प्लस 2 हाइ स्कूल में अभिवावक-शिक्षक बैठक का आयोजन



**महुदा (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद प्लस 2 हाई स्कूल में रविवार को विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने को लेकर अभिवावकों-शिक्षकों की एक बैठक हुई। जिसमें प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और अभिवावकों ने मिलकर विद्यार्थियों की शैक्षिक उन्नति और विकास पर चर्चा की। बैठक में अभिवावकों को छात्रों की शिक्षा में उनकी भूमिका और सहयोग के महत्व के बारे में बताया गया। जबकि प्रचार्य एस कुमार ने बताया कि स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों को सामाजिक, मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाना है। अभिवावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के लिए एक सकारात्मक और सहायक वातावरण बनाएं, जिससे वे अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिवावक और स्कूल के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था। अंत में सभी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

### फाल्गुन महोत्सव पर श्री श्याम मंदिर झरिया से निकली भव्य निशान शोभायात्रा

## सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आये हैं...

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** अमलापाड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर खाटू धाम में तीन दिवसीय श्री फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भव्य निशान शोभायात्रा के साथ हुआ। इसमें 10 हजार से अधिक श्याम भक्त रंग-बिरंगे निशान लेकर शामिल हुए। इस दौरान श्याम तेरे दर पर आया भक्त, तू ही है भक्तों का सहारा..., कब आएगा मेरा सांवरियां..., मैं हार जाऊं ये हो नहीं सकता..., सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आए हैं..., जैसे भजनों पर खाटू श्याम के भक्त झूम उठे। शोभा यात्रा की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंदिर से लेकर झरिया बाजार तक श्याम भक्तों की लंबी लाइन लगी हुई थी। जगह-जगह सामाजिक संस्था के लोगों ने श्याम भक्तों का शरबत, पानी से



स्वागत किया। श्री श्याम मित्र मिलन मंदिर के कार्यकर्ता साथ चल रहे थे। मंदिर कमेटी के लोगों ने कहा कि 6500 निशान के कूपन बनाए गए थे। सभी श्याम भक्तों ने ले लिए। इसके अलावा सैकड़ों लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। लाल बाजार, लक्ष्मनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, चार नंबर मोड़, धर्मशाला रोड, चिल्ड्रेन पार्क मोड़ होते हुए निसान लेकर श्याम भक्त खाटू धाम पहुंचे। यहां श्याम भक्तों ने बाबा को निशान को अर्पित किया। कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा खाटू श्याम मंदिर का अलौकिक श्रृंगार किया गया। भक्तों का कहना था कि बाबा के शीश का श्रृंगार देख मन भावविभोर हो उठा है। वहीं, झरिया देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती ने लोगों का मन मोह लिया। शंख, घंटी की ध्वनि और मां गंगा की आरती व दीपकों की लौ से उत्पन्न अद्भुत छटा देख श्रद्धालु भक्ति भाव से भर गए। झरिया श्याम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन की निसान शोभा यात्रा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए झरिया थाना पुलिस सक्रिय रही। शांति समिति के सदस्य भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग कर रहे थे।

## रागिनी सिंह ने श्याम बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया श्याम प्रभु मंदिर में रविवार को आयोजित जय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर भक्तों ने पदयात्रा कर निशान शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान विधायक रागिनी सिंह की ओर से स्टाल लगा कर भक्तों के बीच फल और द्रव्य वितरित किया गया। इसके बाद झरिया विधायक ने श्याम मंदिर पहुंचकर श्याम बाबा के दर्शन किया और उनका आशीर्वाद लिया। लगे हाथ सभी को फाल्गुन महोत्सव की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हर तरफ रही धूम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विभिन्न लोक उपक्रमों ने कार्यक्रम आयोजित कर नारी शक्ति को नमन किया। इस मौके पर महिला कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:58 शाम सोमवार
सेहरी 4:48 सुबह मंगलवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## एनटीपीसी बोंगाइगांव में कार्यक्रम



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** महिला दिवस के अवसर पर एनटीपीसी बोंगाइगांव ने समावेशिता और महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो 2025 की विषय वस्तु, 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए समानता सशक्तिकरणः अधिकारों के लिए' के अनुरूप है। अर्नब मैत्रा ने संगठन में उनके अमूल्य योगदान के लिए सराहना के तौर पर महिला कर्मचारियों को वेलनेस किट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में परेश माथुर एजीएम (टीएस) और ओंकार नाथ एजीएम (एचआर) ने भी भाग लिया। महिला कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे एनटीपीसी की पहलों ने उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। कस्तूरी मैत्रा, बर्दवी शिकला लेडीज क्लब अध्यक्ष के नेतृत्व में सौम्या कर उपाध्यक्ष और झुमिता विश्वास, वरिष्ठ सदस्य भी समारोह में शामिल हुईं।

## खोरधा रोड मंडल में योग सत्र और महिलाओं स्वास्थ्य जागरूकता पर चर्चा



**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** खोरधा रोड मंडल ने रेलवे कल्याण मंडप, रेतंग कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिएः अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये। इसमें महिला कर्मचारियों और वयस्क बालिकाओं के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। दिव्य योग प्रशिक्षण एवं थेरेपी सेंटर, पुरी की योग गुरु एवं वेलनेस काउंसलर मधुस्मिता दाश ने विभिन्न योग आसनों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए 'नींद और महिलाएं' विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गयी। डॉ अलीशा चौधरी, कंसल्टेंट, क्रिटिकल केयर, पल्मोनरी और स्लीप मेडिसिन, सम अल्टीमेट मेडिकल केयर, भुवनेश्वर ने नींद और खर्राटों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और समाधानों पर चर्चा की। समारोह के दौरान महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया तथा खोरधा रोड के मंडल कार्मिक अधिकारी पीके बेहरा द्वारा विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मंडल रेल अस्पताल, खोरधा रोड की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ललिता अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। प्रमुख रेलवे स्टेशनों जैसे पलासा, ब्रह्मपुर, पुरी, कटक और अंगुल पर भी महिला दिवस मनाया गया।

## तालचेर थर्मल ने महिलाओं को सम्मानित किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तालचेर थर्मल ने महिला दिवस पर संविदा महिला कर्मियों के अमूल्य योगदान को पहचानने और सराहने पर विशेष ध्यान दिया। यह आयोजन उन महिलाओं की शक्ति, दृढ़ता और समर्पण का प्रमाण था, जो विभिन्न भूमिकाओं में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में सागरिका लेडीज क्लब की अध्यक्ष विभा अग्रवाल ने कहा कि यहां की हर महिला एक प्रेरणा है। चाहे घर में हो, कार्यस्थल पर हो या समाज में, उनकी मेहनत प्रगति को आगे बढ़ाती है। कार्यक्रम में 'पैड गर्ल ऑफ ओड़िशा' पायल पटेल ने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर विचार साझा किये। इसके अलावा ओडिशा की पर्वतारोही विभारानी पात्र और तालचेर थर्मल में सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की सामाजिक कार्यकर्ता ममता पात्र ने भी अपने अनुभव साझा किये। मौके पर संविदा महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महिला कर्मचारियों के योगदान को पहचानते हुए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विजय चंद, कार्यकारी निदेशक, डॉ जेपी रॉय, जीएम (प्रोजेक्ट) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## इसीआर संबलपुर मंडल में समारोह

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर एक साप्ताहिक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान रेलवे महिला कर्मचारियों के बीच विभिन्न मजेदार कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किये गये। मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में और इस्ट कोस्ट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष लीना पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। रुखसाना परवीन, एडवोकेट और डीडब्ल्यूआरपीसी, संबलपुर की सदस्य और डॉ पी राजकुमारी, एसीएमएस, संबलपुर वक्ता के रूप में शामिल हुईं। मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश तिग्गा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## किट, किस और किम्स ने महिला दिवस मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** किट, किस और किम्स ने लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए एक साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। संस्थापक डॉ अच्युता सामंत ने महिलाओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कीट का विकास महिलाओं को प्रदान किये जाने वाले सम्मान और अवसरों से प्रेरित है। हम जो उपदेश देते हैं, उसे हम करते भी हैं। हम किट की स्थापना के बाद से ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि किम्स में प्रमुख नेतृत्व पदों पर महिलाएं हैं, जिससे यह समावेशिता और समान अवसर के लिए एक आदर्श संस्थान बन गया है। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा, किट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सरनजीत सिंह, कीस के कुलपति प्रोफेसर देबाशीष बंदोपाध्याय और कीम्स के रजिस्ट्रार प्रोफेसर ज्ञान रंजन मोहंती भी मौजूद थे।

## एमसीएल में महिला बचाव टीम सम्मानित



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपनी महिला कर्मचारियों की ताकत, लचीलापन और उपलब्धियों का सम्मान करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। सीएमडी उदय अनंत काओले और निदेशक (कार्मिक) केशव राव, जागृति महिला मंडल, एमसीएल की उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव और रश्मि बेहुरा ने एमसीएल की महिला बचाव टीम को सम्मानित किया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता अनन्या अनुसूया नाइक और कैंसर से पीड़ित नम्रता जैन थीं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर अपनी सशक्त कहानियां और विचार साझा किये।

## एमसीएल ने आश्वासन पहल के तहत 50 अनाथ लड़कियों को गोद लिया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक ऐतिहासिक पहल के तहत महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने झारसुगुड़ा जिला प्रशासन की पहल अश्वासन ट्रस्ट के सहयोग से आधिकारिक तौर पर 50 अनाथ लड़कियों को गोद लिया है। इस नेक कदम का उद्देश्य अनाथ लड़कियों को शिक्षा, पोषण और समग्र कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके भविष्य को सुरक्षित करना है। झारसुगुड़ा जिला प्रशासन का अश्वासन ट्रस्ट कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाली अनाथ लड़कियों की सहायता करने के लिए समर्पित है। यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें उचित शिक्षा और देखभाल मिले। इस पहल के तहत वित्तीय सहायता को स्तरीकृत तरीके से संरचित किया जाता है, जिसमें आयु वर्ग के आधार पर 1000 रुपये, 2000 रुपये और 4000 रुपये का मासिक वजीफा दिया जाता है। ट्रस्ट को एमसीएल द्वारा दिए गए 10 लाख रुपये के योगदान से इन 50 लड़कियों को सीधे लाभ होगा, जिससे उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। झारसुगुड़ा में आयोजित सुभद्रा शक्ति योजना कार्यक्रम के दौरान ओडिशा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी, विधायक तनकधर त्रिपाठी, कलेक्टर अबोली सुनील नरवाने और एमसीएल के इब वैली क्षेत्र के महाप्रबंधक अवध किशोर पांडेय उपस्थित थे।

## डुप्लीकेट इपीआइसी नंबरों की समस्या का तीन माह में करेंगे समाधानः चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह दशकों पुरानी डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र (इपीआइसी) नंबरों की समस्या को तीन महीने में हल कर लेगा। चुनाव आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भारत की मतदाता सूची दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। चुनाव आयोग मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए हर साल वार्षिक विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) अभ्यास आयोजित करता है, जो हर साल अक्टूबर-दिसंबर की अवधि के दौरान होता है और अगले महीने जनवरी में अतिम रोल प्रकाशित किये जाते हैं। चुनाव वाले राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव से पहले एसएसआर भी आयोजित किया जाता है। हाल ही में संपन्न एसएसआर 2025 के लिए 07 अगस्त, 2024 को सूची जारी की गयी थी और अंतिम रोल 06-10 जनवरी, 2025 के दौरान प्रकाशित किये गये थे।

# कार्यकर्ताओं संग बैठे लक्ष्मण सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को धनवार क्षेत्र भ्रमण के बाद बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान पार्टी संगठन के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुंचने, उनकी समस्या से अवगत होने तथा समाधान में सहयोग करने का निर्देश दिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि पीएम मोदी की सरकार में देश सशक्त हो रहा है। बाद में वह दुघरवा-पचरुखी रामदेव विश्वकर्मा के घर शादी समारोह में भी शरीक हुए। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, नकुल राय, पवन सिंह, उपेंद्र सिंह, उदय सिंह, शैलजा सिंह, मुंशी राम, संजय साव, अनिल राय, मानव शास्त्री, अमित कुमार, अशोक राय, कृष्णदेव रजक आदि ने भाग लिया।

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योग्यताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही Classified

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेन्ट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नहीं लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/-
36 वर्षों का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, रांची

GULFAM KASHMIR HADICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
Contact Us :
9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7
R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad

SHUBARAMBH EVENTS
Holi Dhamaal
LIVE BAND & DJ | COMPLIMENTARY THANDAI | UNLIMITED COLOUR | RAIN DANCE | GAMES FOOD STALLS | MOCKTAILS
LIMITED OFFER
8th March | 10:00 AM Onwards
STAG 499/- GROUP 1999/- COUPLE 999/-
Venue : Swastik Marriage Hall
Anchal Office Road, No.-7, Near Hehal Ganga Nagar, Pathartoli, Ranchi
FOR BOOKINGS +91 8340773711

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में शुद्ध रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
BIS 916
100% हॉलमार्क सोने की विशाल रेंज
पन्ना, मूँगा, माणिक्य, नीलम, मोती, पुखराज, डायमंड, लहसुनीया, गोमेद
विशेषताएं:
• 100% प्रमाणित रत्न • Original Bill
• 80% से 90% बैक (शुद्ध रत्नों में)
• शुद्ध रत्नों की गारंटी • पुराने रत्नों की खरीद
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212, 9334718303
जेम्स और ज्वेलरी में सबसे सस्ता, सबसे अच्छा
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें -
डॉ. कमलेश कुमार - 9304805749
सनोज कुमार - 7209001826
रोहित सिंह - 9304280115
कोकर चौक, राँची

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.

POPKORN cinemas SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
CHHAAVA
Schedule For 07th Mar., 2025 onwards!
at Screen-1 (Sujata)
Chhaava : 11.00, 1.45, 4.30, 7.15
at Screen-2 (Miniplex)
Chhaava : 12.15, 3.15, 6.00
at Popkorn Cinemas
Chhaava : 11.00, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**